14 जून 2025
शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




सीएम ने नीतीश कुमार ने 62 लाख लाभुकों के खाते में भेजी 271 करोड़ की राशि 5



# अजब संयोग... गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी का लकी नंबर 1206 ही बना उनकी आखिरी तारीख




## अहमदाबाद विमान हादसा

- विजय रुपाणी ने पहला स्कूटर खरीदा हो या फिर कार, उन सभी का नंबर 1206 था।
- उनकी मौत भी 12 जून को ही हुई, यानि 12/06 के दिन

**एजेंसी/अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद में एअर इंडिया का प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 242 यात्री बैठे हुए थे, जिसमें से 241 की मौत हो गई। इसी प्लेन में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता विजय रुपाणी भी सवार थे। उनकी भी इस प्लेन हादसे में मौत हो गई है। यह हादसा 12 जून को हुआ। इस बीच हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आई है। दरअसल विजय रुपाणी का लकी नंबर 1206 था। चाहे उन्होंने पहले स्कूटर खरीदी हो या फिर कार खरीदी हो, उसके नंबर प्लेट पर 1206 ही लिखा रहता था। विजय रुपाणी की मौत भी 12 जून को ही हुई, जिसे हम 12/06 लिखते हैं।

अब सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है कि विजय रुपाणी के लिए जो नंबर लकी था, वही उनके लिए अनलकी साबित हुआ। इसी को भाग्य का खेल भी कहते हैं। 68 साल के रुपाणी के लिए जो हमेशा से लकी नंबर रहा, वही आखिरी सफर पर उनके लिए अनलकी साबित हुआ। वर्तमान में विजय रुपाणी पंजाब के प्रभारी थे। वह अपनी बेटी और पत्नी से मुलाकात करने लंदन जा रहे थे। लेकिन प्लेन क्रैश में उनकी मौत हो गई। इस बीच बीजेपी के पंजाब चीफ सुनील जाखड़ ने कहा कि पहले वह 5 जून से 12 जून तक लंदन जाने वाले थे, लेकिन पार्टी के कार्यक्रमों की वजह से उन्होंने एक हफ्ते के लिए दौरा टाल दिया था। विजय रुपाणी की गिनती बीजेपी के बड़े नेताओं में होती थी और वह पीएम मोदी और अमित शाह दोनों के करीबी माने जाते थे।

## 16 साल की उम्र में आरएसएस से जुड़ गए थे विजय रुपाणी

विजय रुपाणी का जन्म बर्मा में हुआ था। उनका जन्म जैन परिवार में हुआ था, लेकिन बर्मा में राजनीतिक अस्थिरता के कारण 1960 में वह अपने परिवार के साथ गुजरात के राजकोट में बस गए। विजय रुपाणी ने 16 साल की उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ज्वाइन कर लिया और उसके बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य रहे। वहीं 1976 में जब पूरे देश में इमरजेंसी लागू थी, तब विजय रुपाणी को 11 महीने तक भुज और भावनगर की जेल में रखा गया था। फरवरी 2016 में विजय रुपाणी को गुजरात बीजेपी का अध्यक्ष बनाया गया। यह साल विजय रुपाणी के लिए सबसे अच्छा साबित हुआ, क्योंकि अध्यक्ष बनने के 6 महीने बाद ही यानी अगस्त 2016 में वह गुजरात के सीएम बने।

## पीएम मोदी ने दिवंगत पूर्व सीएम के परिवार से की मुलाकात

पीएम मोदी ने शुक्रवार को दिवंगत पूर्व सीएम विजय रूपाणी के परिवार से मुलाकात की। पीएम मोदी ने विजय रूपाणी के निधन पर शोक व्यक्त किया। एक्स पर पीएम मोदी ने एक पोस्ट में लिखा, विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मिला। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है। विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध थे। पद पर बढ़ते हुए, उन्होंने संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां संभालीं और गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में लगन से काम किया। पीएम मोदी ने आगे लिखा, राजकोट नगर निगम में, राज्यसभा सांसद के रूप में, गुजरात भाजपा अध्यक्ष के रूप में और राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में, उन्होंने हर भूमिका में खुद को प्रतिष्ठित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विजयभाई और मैंने गुजरात के सीएम रहते हुए भी बहुत काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे गुजरात की विकास दर में तेजी आई, खास तौर पर जीवन की सुगमता को बढ़ावा मिला। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति।

## खबरें फटाफट

### बम की धमकी के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** परेशानियां एयर इंडिया का पीछा नहीं छोड़ रही हैं। पिछले दो दिनों में इस एयरलाइंस पर कई आफत आ गई हैं। गुरुवार को हवाई हादसे के बाद शुक्रवार को कई फ्लाइट डायवर्ट हुईं। अब एक फ्लाइट में बम की धमकी के बाद इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। दरअसल, थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट अक 379 को शुक्रवार को इमरजेंसी में उतारना पड़ा। फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि विमान में बम की धमकी मिली थी। अधिकारियों के अनुसार, फ्लाइट ने फुकेट से उड़ान भरी ही थी कि धमकी मिल गई। इसके बाद विमान को वापस फुकेट में सुरक्षित उतारा गया। फुकेट एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट लैंड हो गई है और एयरपोर्ट इमरजेंसी प्रोटोकॉल का पालन कर रहा है। एयरपोर्ट्स ऑफ थाईलैंड ने कहा कि विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

एयर इंडिया की कई फ्लाइट डायवर्ट हुईं। इसका कारण ईरान और इजरायल के बीच तनाव रहा। ईरान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। इसलिए फ्लाइट को वापस लौटना पड़ा। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फ्लाइट्स को या तो डायवर्ट कर दिया है या वापस बुला लिया।

## अहमदाबाद में गुरुवार को क्रैश हो गई थी एयर इंडिया की एआई 171 फ्लाइट

# एअर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स मिला हादसे की मुख्य वजह का होगा खुलासा

- ब्लैक बॉक्स को हॉस्टल की छत से बरामद किया गया
- ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण होता है, जो विमान की उड़ान के दौरान कॉकपिट में बातचीत की सारी जानकारी रिकॉर्ड करता है

**एजेंसी/अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद में दुर्घटना की शिकार हुई एअर इंडिया की उड़ान एआई 171 का ब्लैक बॉक्स मिल गया है। विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। मंत्रालय ने बताया कि ब्लैक बॉक्स को हॉस्टल की छत से बरामद किया गया। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने हादसे के तुरंत बाद से जांच शुरू कर दी थी। राज्य सरकार के 40 से अधिक कर्मचारी भी मौके पर मौजूद विमानन मंत्रालय की टीमों के साथ मिलकर राहत और जांच कार्य में जुटे थे। मंत्रालय ने बताया कि डीएफडीआर को छत से बरामद किया गया है। इससे पहले, पुलिस और दमकल अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस ब्लैक बॉक्स का विश्लेषण हादसे की वजहों को समझने में अहम भूमिका निभाएगा।

अहमदाबाद के दमकल अधिकारियों ने बताया कि मेटल कटर जैसे खास उपकरणों से लैस एक टीम को मेघाणीनगर इलाके में दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था। यह इलाका हवाई अड्डे के पास स्थित है, जहां गुरुवार दोपहर बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जहां पर काफी मशक्कत के बाद टीम ब्लैक बॉक्स को खोजने में सफल रही। पहले सूत्रों ने बताया कि जिस बी.जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास पर विमान गिरा था, वहां के सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर पुलिस ने जब्त किया है। डीवीआर एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होता है, जो सीसीटीवी कैमरों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सेव करता है।

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें विमान का ब्लैक बॉक्स खोजने में मदद के लिए कहा गया था। दमकल विभाग के उप प्रमुख ध्रुमित गांधी ने बताया था कि उनकी टीम ने फॉरेंसिक और विमानन विशेषज्ञों के साथ मिलकर ब्लैक बॉक्स ढूंढ़ने में मदद की। इस टीम मेटल कटर जैसे विशेष उपकरण थे। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण होता है, जो विमान की उड़ान के दौरान की सारी जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह किसी भी विमान दुर्घटना की जांच में अहम भूमिका निभाता है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था और इसमें 242 लोग सवार थे। गुरुवार दोपहर 1 बजकर 39 मिनट पर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यह विमान मेघाणीनगर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के वक्त विमान को अचानक नीचे गिरते हुए देखा गया।






### पीएम मोदी ने घटनास्थल पर पहुंच हादसे की ली जानकारी

एअर इंडिया विमान हादसे की जगह पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों और अधिकारियों से गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे की जानकारी ली। पीएम मोदी के साथ नागरिक उड्डयन मंत्री रामनोहन नायडू, गुजरात के गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, गृह मंत्री हर्ष संघवी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री उस जगह भी गए जिस हॉस्टल पर विमान गिरा था। बता दें कि इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हुई है। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे। अहमदाबाद में क्रैश हुए विमान के मलबे के पास पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद बारीकी और विस्तार से दुर्घटना के बाद के हालात और रेस्क्यू ऑपरेशंस की जानकारी ली।

### एअर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की होगी सख्त सुरक्षा जांच

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सख्त सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। यह कदम अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के एक दिन बाद उठाया गया है, जिसमें 241 लोगों की मौत हो गई थी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9 विमान हैं। विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एअर इंडिया को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से अपने जेनएक्स इंजन से लैस बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव (मेंटनेंस) कार्य करे। ये कार्य डीजीसीए के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों के समन्वय से किए जाएंगे। डीजीसीए ने आदेश दिया है कि विमान के कैबिन की हवा से जुड़ी मशीनों, इंजन को नियंत्रित करने वाली इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों, ईंधन से चलने वाले इंजन के हिस्से और तेल से जुड़ी प्रणाली की अच्छी तरह जांच की जाए। इसके अलावा, हाइड्रोलिक प्रणाली (जो विमान को हिलाने-चलाने में मदद करता है) की हालत देखने और टेक ऑफ के जरूरी आंकड़ों की भी समीक्षा करने को कहा गया है। डीजीसीए ने कहा कि बी787-8/9 विमानों में पिछले 15 दिनों के दौरान बार-बार आई खराबी की समीक्षा के आधार पर रखरखाव संबंधी सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

## इजराइल का ईरान पर हवाई हमला, 78 लोगों की गई जान



**एजेंसी/नई दिल्ली**

इजरायल ने शुक्रवार सुबह ईरान पर अटैक किया। इस हमले में ईरान के 78 लोग मारे गए हैं। इस बीच शुक्रवार देर शाम इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन मिलाया। दोनों नेताओं के बीच इजरायल और ईरान के बीच ताजा संघर्ष को लेकर बातचीत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से इसकी जानकारी दी।

पीएम मोदी ने लिखा, इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का फोन आया। उन्होंने मुझे मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी। मैंने भारत की चिंताओं को साझा किया और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि इजराइल ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम पर हमला किया है। इसके बाद ईरान में एयरस्पेस को बंद कर दिया गया। ईरान सरकार ने देशभर में इमरजेंसी लागू कर दी है। ऐसा माना जा रहा है कि इजरायल के हमले में ईरान को बड़ा नुकसान हुआ है। इस बीच, ईरान और इजराइल में भारतीय दूतावासों ने देश में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें उन्हें गैरजरूरी यात्रा करने से बचने के लिए कहा गया है। इजरायल ने कार्रवाई को ईरान के परमाणु हथियार बनाने के प्रयासों को विफल करने के उद्देश्य से बताया। इस हमले को लेकर इजरायल को अमेरिका का समर्थन भी हासिल है। अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु डील भी चल रही है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है और आखिरी मौका भी दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने दो महीने पहले ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन उसने इसका पालन नहीं किया। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, आज 61वां दिन है। मैंने उन्हें बताया कि क्या करना है, लेकिन वे वहां तक नहीं पहुंच पाए। अब उनके पास शायद दूसरा मौका है। बता दें कि ट्रंप ने ईरान के वार्ता की टेबल पर लौटने की इच्छा व्यक्त की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते।

## जल्द कई राज्यों में दस्तक दे सकता है मानसून, भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आने वाले दिनों में जल्द ही कई राज्यों में मानसून दस्तक दे सकता हैं। एक नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के आसपास बनने जा रहा है। यह एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन होगा जो अगले 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा। यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा। इस रास्ते में यह कई राज्यों में बारिश की गतिविधियों को गति देगा। 2025 में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने जबरदस्त और तेज शुरूआत की। 26 मई तक देश के 35 प्रतिशत हिस्से को कवर कर लिया था। यह मानसून आने की सामान्य तारीख से कहीं पहले है। हालांकि, इसके बाद यह पश्चिमी और पूर्वी दोनों दिशाओं में ठहर गया। पश्चिम तट पर मानसून मुंबई से आगे नहीं बढ़ा और पूर्वी भारत में यह बालुरघाट, दार्जिलिंग और कालिमपोंग तक ही सीमित रह गया।

## चेक बाउंस से जुड़े मामले में अरुणाचल प्रदेश के बीजेपी विधायक को दो साल के कारावास की सजा

**एजेंसी/मोहाली**

अरुणाचल प्रदेश के एक मौजूदा विधायक और तीन अन्य को चेक बाउंस मामले में मोहाली के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रथम अभय राजन शुक्ला की अदालत ने दो साल के कारावास की सजा सुनाई। अरुणाचल प्रदेश के सागली से भाजपा विधायक रायतु तेची और टीके इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को चेक बाउंस मामले में यह सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने तीनों पर कुल 5.55 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला जीटीसी-एम-ट्रेड्ज एलएलपी से खरीदी गई निर्माण सामग्री के लिए जारी किए गए 50 लाख मूल्य के चेक बाउंस होने से जुड़ा है। कानूनी नोटिस के बावजूद आरोपियों ने कोई जवाब नहीं दिया था। मोहाली के जेएमआईसी अभय राजन शुक्ला की अदालत ने दोषियों द्वारा कानून की अवहेलना का हवाला देते हुए नरमी बरतने की याचिका खारिज कर दी, हालांकि कोर्ट ने उन्हें उच्च अदालत में अपील के लिए जमानत दे दी। दोषियों में शामिल 60 वर्षीय रायतु तेची पापुम पारे जिले के सागली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक हैं, जिन्हें 2024 के अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में निर्विरोध चुना गया था। बचाव पक्ष ने नरमी बरतने की अपील की और कहा आरोपी वरिष्ठ नागरिक हैं और पहली बार अपराध कर रहे हैं।

## बिहार में यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने की दिशा में हुई ऐतिहासिक पहल

# बिहार में 223 रेलवे फाटकों पर आरओबी निर्माण को मिली मंजूरी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल हुई है। राज्य के किसी भी कोने से राजधानी पटना तक अधिकतम साढ़े तीन घंटे में पहुंचने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक बड़ी प्रगति हुई है। राज्य सरकार के अनुरोध और सतत प्रयासों के फलस्वरूप रेल मंत्रालय, भारत सरकार ने राज्य में कुल 223 रेलवे फाटकों के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।



इसको लेकर गुरुवार को मिहिर कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग तथा नवीन गुलाटी, सदस्य, आधारभूत संरचना, रेलवे बोर्ड, छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे सहित रेलवे के उच्च अधिकारियों के बीच एक अहम बैठक संपन्न हुई जिसमें रेलवे की ओर से सूचित किया गया कि 12 आरओबी/आरयूबी के डीपीआर पर रेलवे बोर्ड की ओर से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

1. सहरसा जिला का रेलवे फाटक संख्या-104इ1 (सहरसा जंक्शन-बैजनाथपुर)
2. छपरा जिला का रेलवे फाटक संख्या-47(छपरा जंक्शन-छपरा कचहरी)
3. सीतामढ़ी जिला का रेलवे फाटक संख्या-55उ/3(सीतामढ़ी-डुमरा)
4. गया जिला का रेलवे फाटक संख्या-39/सी/टी (पहाड़पुर-गुरपा) एव 8/सी (परैया-गुरारू)
5. लखीसराय जिला का रेलवे फाटक संख्या-24/ए/ई (अभयपुर- मसुदन) एवं 27/बी/टी (कजरा -अभयपुर)
6. जमुई जिला का रेलवे फाटक संख्या-36 (झाझा-सिमुलतला)
7. मुंगेर जिला का रेलवे फाटक संख्या-17/ए/ई (जमालपुर-दशरथपुर)
8. औरंगाबाद जिला का रेलवे फाटक संख्या-28/बी (फेशर-बघोई कुसा) एवं 23/सी/टी (जाखिम-बघोई कुसा)
9. मुजफ्फरपुर जिला का रेलवे फाटक संख्या-123 (मोतीपुर-मेहसी)




प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित

# बक्सर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए कार्ययोजना बनाएं अधिकारी: प्रभारी मंत्री

**मंत्री ने दिए निर्देश**

- सदर अस्पताल में लिफ्ट व जिले में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट को शीघ्र चालू कराए सीएस
- परिमार्जन के लंबित मामलों का हो शीघ्र निष्पादन





**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार सरकार के पथ पथ निर्माण विभाग सह जिले के प्रभारी मंत्री नीतीन नवीन की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति ( 20 सूत्री, समिति ) की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में राजपुर विधायक विश्वनाथ राम एवं डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष सरोजा देवी, चेयरमैन नगर परिषद बक्सर, नगर पंचायत चौसा, नगर पंचायत इटाढ़ी एवं जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक की शुरूआत में गुरूवार को अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। समिति सदस्यों ने इस घटना पर गहरा दुःख जताया तथा मारे गए लोगों के परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और कहा कि भगवान इस असह्य दुःख को सहने की शक्ति पीड़ित परिवार को दें।

**लंबे समय तक एक ही जगह पर जमे चिकित्सकों व कर्मियों का करें तबादला:** बैठक में प्रभारी मंत्री ने सीएस को निर्देश दिया कि तीन वर्ष से अधिक समय तक यदि कोई चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी एक ही जगह पर जमे है तो नियमानुसार उनका तबादला करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि चिकित्सकों व कर्मियों का तबादला विभागीय प्रावधान के अनुसार होना चाहिए। गौरतलब हो कि जिले में कई ऐसे डॉक्टर व चिकित्साकर्मी है, जो लंबे समय से एक ही जगह पर जमे है।

**विद्युत कनेक्शन का आवेदन पेंडिंग नहीं रहने चाहिए:** प्रभारी मंत्री ने कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बक्सर को निर्देशित किया कि नए विद्युत कनेक्शन के लिए प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्युत कनेक्शन का आवेदन पेंडिंग नहीं रहने चाहिए। आवेदन पेंडिंग मिलने पर संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई करें। वहीं, अपर समाहर्ता को जिले में लंबित परिमार्जन वादों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जमीन विवाद के मामलों का त्वरित निष्पादन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि परिमार्जन के लंबित मामलों से भूमि विवाद की घटनाओं में इजाफा हो सकता है, जिस कारण इसका त्वरित निष्पादन जरूरी है।

**चिकित्सकों के रोस्टर की जांच कर उपस्थिति सुनिश्चित कराएं**

समीक्षा के क्रम में पिछली बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री ने सीएस को निर्देश दिया कि बीएमएसआईसीएल से समन्वय स्थापित कर सदर अस्पताल बक्सर में लिफ्ट एवं बक्सर जिले में लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट को शीघ्र चालू कराना सुनिश्चित करेंगे। चिकित्सकों के रोस्टर की विभागीय नियम के आलोक में जांच कराते हुए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही रात्रि के समय चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएंगे। सीएस को निर्देशित किया गया कि आगामी बाढ़ के मद्देनजर सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी वेनम एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पताल में चिकित्सकों एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति ससमय सुनिश्चित करायेंगे। स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियों के विरूद्ध पदस्थापन के संबंध में विभाग मांग पत्र भेजें।

**उच्च विद्यालयों में लाइब्रेरी संचालित कराएं डीईओ:** बैठक में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जिला शिक्षा पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया कि सभी उच्च विद्यालयों में पुस्तकालय को हर हाल में चालू कराए। उन्होंने कहा कि हाई स्कूल में पुस्तकालय के चालू रहने से छात्रों में पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी छात्रों को पुस्तकों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।

**ट्रैफिक जाम की समस्या पर गहरी नाराजगी जताई :** प्रभारी मंत्री ने बक्सर में ट्रैफिक जाम की समस्या पर गहरी नाराजगी जताई तथा इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी, बक्सर व डुमरांव के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात बक्सर को कार्य योजना बनाते हुए उसे क्रियान्वित करने का निर्देश दिया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में जाम की समस्या काफी गंभीर हो गई है तथा अक्सर इसकी शिकायत मिलते रहती है। जाम के कारण आम जनमानस को हर दिन भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अन्य सभी विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का गुणवता के साथ आच्छादन कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, बीस सूत्री सदस्यों द्वारा अपने क्षेत्र से संबंधित बैठक में रखी गई समस्याओं का समाधान करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह, एसपी शुभम आर्य समेत बीस सूत्री सदस्य व संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## अविलंब सरेंडर करें आरोपी वरना फिर चलेगा बुलडोजर

राजपुर ट्रिपल मर्डर पर फिर ऐक्शन में पुलिस



**केटी न्यूज/राजपुर**

24 मई को राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में हुए ट्रिपल मर्डर की लोमहर्षक घटना के बाद पुलिस का ताबड़तोड़ ऐक्शन जारी है। पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले में फरार चल रहे आधा दर्जन आरोपियों के घर इश्तेहार चश्पा उन्हें कोर्ट या पुलिस के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया है, वरना उनके घरों पर बुलडोजर ऐक्शन किया जाएगा।

कोर्ट के आदेश पर थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में इस्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गई है। जिन आरोपियों के घर इस्तेहार चिपकाया गया है उनमें बिरेन्द्र यादव, संदीप यादव, शिवम यादव, विकास यादव, उमेश यादव व राम प्रवेश यादव शामिल है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने इश्तेहार चपकाने से पहले उनके दरवाजे पर डंका बजाकर मुनादी भी कराई। इन सभी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी भी कर रही है। अगले कुछ दिनों में यदि सभी आरोपी थाना या कोट में सरेंडर नहीं करते हैं तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

- छह आरोपियों के घर चश्पाया गया इश्तेहार

बता दें कि 24 मई को अहियापुर गांव में अहले सुबह दिल दहला देने वाली घटना हुई थी। इसमें गांव के पूर्व मुखिया मनोज यादव व पूर्व जिप उपाध्यक्ष संतोष यादव ने अपने गुर्गों के साथ मिल कर एक ही परिवार के पांच लोगों को गोलियों से छलनी कर दिया था। घटना में तीन की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो अभी भी इलाजरत है। पीड़ितों ने कुल 19 नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।

मामले में पुलिस ने अबतक तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है जबकि आधा दर्जन ने पुलिस दबिश में कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। जबकि अभी भी कई आरोपी फरार चल रहे है। इश्तेहार चस्पाए जाने के बाद पुलिस को उम्मीद है कि जल्दी ही आरोपी सरेंडर करेंगे।

थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरेंडर नहीं करने पर जल्दी ही उनकी संपति कुर्क की जाएगी।

## पुलिसिया कार्रवाई: कंनझरूआ मारपीट मामले में दो नामजद आरोपित गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना क्षेत्र के कंनझरूआ गांव में गुरूवार की सुबह मामूली बात पर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में कुल चार लोग जख्मी हुए थे।

इस मामले में पहले पक्ष के गोपालजी मिश्र के बयान पर पहले पक्ष के गर्जन राम समेत दस को आरोपित किया गया था, जबकि दूसरे पक्ष के गर्जन राम के बयान पर छह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दूसरे पक्ष के गर्जन राम समेत दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि पहले पक्ष के गंभीर रूप से जख्मी गोपालजी मिश्र और चंदन मिश्र का पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा दोषियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


घायलों की फाइल फोटो

## बाप-बेटे के झगड़ा में हस्तक्षेप करने पहुंचे एएसआई पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के मुफस्सिल थाना के मल्लाहचकिया गांव में गुरुवार की रात पिता पुत्र के विवाद को सुलझाने गए मुफस्सिल थाने के एएसआई पर जानलेवा हमला हुआ है।

आरोपी युवक ने एएसआई पर चाकू से हमला कर दिया है, जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। जख्मी हालत में ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तत्काल सदर डीएसपी धीरज कुमार, नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष शंभू भगत समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी सदर अस्पताल पहुंच जख्मी एएसआई का हाल चाल लिए तथा डॉक्टरों से बेहरत इलाज करने को कहा। वहीं, बाद में युवक को ग्रामीणों के सयोग से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित युवक रिटायर्ड दारोगा का पुत्र बताया जा रहा है।

- आरोपी नशे की हालत में स्वजनों से करता है मारपीट, घर में आग लगाने से रोक रहे थे उसके पिता

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक गुरूवार की रात अपने घर में मां-बाप से विवाद व घर के सामानों को तोड़-फोड़ रहा था। इस दौरान उसने घर में आग भी लगा दिया था तथा हाथ में चाकू लेकर माता-पिता को मारने का प्रयास कर रहा था, उसी समय उधर से अकेले गुजर रहे एएसआई ने शोर सुन घर के पास रुक गए और मामले को सलटाने का प्रयास किया। तभी युवक ने हाथ में लिए सब्जी काटने वाले चाकू से एएसआई पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे एसआई घायल हो गए। घायल एसआई को ग्रामीणों ने सदर अस्पताल पहुंचाया। जहा उनका इलाज किया जा रहा था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहा नगर थानाध्यक्ष, मुफस्सिल थानाध्यक्ष, 112 की टीम पहुंची व युवक को एक घर से गिरफ्तार कर लिया।



**सब्जी काटने वाले चाकू से किया हमला**

बताते चलें कि मल्लहचकिया निवासी जगमोहन चौधरी पिछले वर्षों दारोगा से रिटायर्ड हुए थे। रिटायर्ड होने के बाद अपने परिवार के साथ गांव में रहते हैं। बीती रात उनका पुत्र सत्येन्द्र चौधरी किसी बात के विवाद में मारपीट करने लगा। तभी मुफस्सिल थाना में तैनात सहायक अवर निरीक्षक नीतेश कुमार बक्सर से अकेले थाने जा रहे थे। तभी उन्होंने पिता व पुत्र के बीच हो रही लड़ाई को छुड़ाने का प्रयास करने लगे। इसी बीच सत्येन्द्र ने सब्जी काटने वाला चाकू से दारोगा के सिर व हाथ पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे दारोगा जख्मी हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी शुभम आर्य व सदर एसडीपीओ धीरज कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है।

## बालू के खेल में दरोगा व होमगार्ड जवान सस्पेंड

**केटी न्यूज/बक्सर**

एनएच 922 पर दरोगा व होमगार्ड के जवान का बालू लदे ट्रकों से पैसे वसूली का वीडिये सामने आते ही विभाग में हडकंप मच गया। मामला जब एसपी शुभम आर्य के पास पहुंचा तो उन्होंने जांच कराने के बाद दोनों को सस्पेंड कर दिया।

जानकारी के अनुसार एसपी के संज्ञान में एक वीडियो आया, जिसमें यह साफ दिख रहा है कि एनएच-922 पर ट्रकों को निर्धारित लेन छोड़कर छोटी गाड़ियों की लेन से पास कराया जा रहा है। इसके एवज में ट्रक चालकों से खुलेआम दो से तीन हजार रुपए तक वसूले जा रहे हैं। औद्योगिक थाना प्रभारी संजय कुमार ने स्वीकार किया कि उन्हें कई बार इस तरह की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने स्वयं भी वीडियो रिकॉर्ड कर मामले की पुष्टि।

चालकों ने यह भी शिकयत दी कि जब एएसआई सुनील कुमार राय ड्यूटी पर रहेत है, उस दौरान वसुली और तेज हो जाती है। उनके साथ होमगार्ड का जवान विजय यादव भी इसमें शामिल है। 11 जून को गीला बालू लदा एक ट्रक उल्टा लेन से जाते हुए पकड़ा गया, तो यातायात निरीक्षक रोहित कुमार ने उस पर कार्रवाई की। उन्होंने ट्रक छोड़ा नहीं तो सुनील कुमार राय खुद गोलंबर पहुंच कर ट्रक को छोड़ने का दबाव डाला। रोहित कुमार ने इसकी सूचना खनन विभाग को दे दी।

**संगठित तरीके से कर रहे थे वसूली का धंधा :** मामले में यातायात थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि गोलंबर से टोल प्लाजा तक यातायात व्यवस्था का मौखिक नियंत्रण यातायात पुलिस उपाधीक्षक के पास है और उन्हीं के निर्देश पर सुनील कुमार राय व विजय यादव को तैनात किया गया था।

लेकिन वीडियो व बयानों से स्पष्ट हो गया कि यह सब एक संगठित तरीके से हो रहा था। पुख्ता साक्ष्य, वीडियो, और विभागीय बयानों के आधार पर एसपी शुभम आर्य ने सुनील कुमार राय को तत्काल प्रभाव से निर्लंबित कर दिया है। साथ ही उन्हें पुलिस केंद्र में योगदान करने का आदेश दिया गया है।

## स्कूल का दरवाजा तोड़ पंखे की चोरी

**चौसा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महदह गांव स्थित अनुसूचित प्राथमिक स्कूल का ताला तोड़ चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। अज्ञात चोरों ने स्कूल का दरवाजा तोड़ स्कूल में लगे चार पंखे उड़ा लिए है तथा अन्य सामानों को भी बिखेर दिया। वहीं, लगे पानी टंकी को भी क्षति पहुंचाई गई। जिसको लेकर प्रधानाध्यापिका नेली केरकेट्टा ने मुफस्सिल थाने में अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आवेदन में उन्होंने बताया कि स्कूल के छत पर लगे टंकी को किसी ने खोल दिया है जब ग्रामीण ने सूचना दी तो वो तत्काल विद्यालय पहुंची। जहां रस्सी के सहारे लटके दरवाजा टूटा पड़ा था। कागजात बिखरे थे, व पंखे गायब थे।

## जिले के कई थानाध्यक्ष समेत 100 पदाधिकारियों का वेतन बंद

**केटी न्यूज/ बक्सर**

पेंडिंग मामलों में पदाधिकारियों की लापरवाही पर एसपी शुभम आर्य भड़क गए है। उन्होंने 100 से अधिक लापरवाह पदाधिकारियों के प्रति कड़ा एक्शन लेते हुए। उनका वेतन बंद करने का निर्देश दिए है। जिसमें कई थानाध्यक्ष भी शामिल है।

एसपी आर्य के इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज सैकड़ों पॉकेट कांडों में महीनों बीतने के बावजूद अंतिम प्रपत्र या आरोप पत्र जमा नहीं करने वाले पुलिस अफसरों पर यह कार्रवाई हुई है। उक्त आदेश एसपी 11 जून को जारी किया था। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि जनवरी से मार्च तक दर्ज हुए पॉकेट कांडों में कार्रवाई बेहद धीमी रही है। जिससे पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने में देरी हो रही है। इस लापरवाही के कारण समाज में पुलिस की छवि भी खराब हो रही है।

- महीनों से पेडिंग पड़े मामलों को लेकर एसपी ने की बड़ी कार्रवाई

**कार्यशैली की लापरवाही का प्रमाण:** यह कार्रवाई औद्योगिक थाना, राजपुर, इटाढ़ी, धनसोई, डुमरांव, नगर, मुफस्सिल, नयाभोजपुर, सोनवर्षा, सिकरौल, कोरानसराय, वासुदेवा, नावानगर समेत तमाम थानों में तैनात पदाधिकारियों की लंबी लिस्ट इस कार्यशैली की लापरवाही का प्रमाण है। औद्योगिक थाना के पुलिस अवर निरीक्षक समेत तीन अफसरों पर कार्रवाई एसपी द्वारा की गई है। वहीं राजपुर थाना के 10 अफसरों, डुमरांव थाना के 11 से ज्यादा पुलिस पदाधिकारी वेतन रोके जाने की सूची में नाम है। सबसे अधिक मुफस्सिल थाना से बीस से अधिक नाम शामिल है। साथ ही, नया भोजपुर, सोनवर्षा, सिकरौल, कोरान सराय, नावानगर जैसे थानों से भी अफसरों की लंबी सूची कुल मिलाकर जिले के प्रत्येक थाने से पुलिस अफसर लापरवाही के घेरे में आ चुके हैं।



पुलिस अधीक्षक ने सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि सभी पदाधिकारी अगले तीन दिनों के अंदर लंबित पॉकेट कांडों में फाइनल रिपोर्ट समर्पित करें, नहीं तो आगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आदेश तीन प्रतियों में जिला प्रशासन, लेखापाल कार्यालय, सभी अनुमंडल और थाना प्रभारी को भेजा गया है। पुलिस कप्तान द्वारा जारी आदेश में अफसरों को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिया गया है कि वेतन तभी मिलेगा जब अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी जाए।

सीएम ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना व मुख्यमंत्री कन्या उत्थान के लाभार्थियों के खाते में भेजी राशि

## लाभुकों को योजनाओं का मिलेगा हर लाभ: डीएम

- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के खाते में भेजा गया 271.15 करोड़ रूपए



**केटी न्यूज/बक्सर**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अंतर्गत कुल 271 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह ने भाग लिया।

इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत कुल 61,29,548 लाभुकों को 254 करोड़ 45 लाख 5 हजार 900 रुपये एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के 85,556 लाभुकों को 16 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ व्यापक पैमाने पर जरूरतमंदों तक पहुंचा रहा है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

वहीं, जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के तहत किए जा रहे जीवन प्रमाणीकरण के लिए सभी पेंशनधारियों से जीवन प्रमाणीकरण कराने का अपील किया गया। ताकि उन्हें निरंतर पेंशन की राशि प्राप्त होते रहे। उनके द्वारा उपस्थित लाभुकों को वरिष्ठ नागरिक माता-पिता अधिनियम से अवगत भी कराया गया। साथ ही, जिलाधिकारी ने उन्हें कई लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि राज्य सरकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्कीम के तहत आने वाले लोगों की सुविधा के लिए प्रयासरत है।

इस दौरान वहां मौजूद लाभुकों व वरिष्ठ नागरिकों में खुशी देखी गई। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं गरीबों, विधवाओं, वृद्धों व दिव्यांगों के लिए काफी मददगार साबित हो रही है। इन योजनाओं के लाभ से लाभुकों का जीवन बसर आसान हो गया है।



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



# मलई बराज से किसानों को शीघ्र मिलेगा पानी, सीएम ने दिया आश्वासन: विनोद राय

♦ डुमरांव अनुमंडल की समस्याओं के समाधान के लिए जदयू नेता ने सीएम से की मुलाकात

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जदयू के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सचिव विनोद राय ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर उनसे डुमरांव अनुमंडल के डुमरांव व ब्रह्मपुर क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के साथ ही बलिया-डिहरी रेलमार्ग के निर्माण की स्वीकृति दिलाने की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने उन्हें साकारात्मक आश्वासन दिया है।



केशव टाइम्स से बातचीत के दौरान जदयू नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री से मलई बराज परियोजना को शीघ्र चालू कर किसानों को पानी देने, भोजपुर सिमरी पथ चौड़ीकरण का काम शीघ्र शुरू कराने, डुमरांव के फुटपाथियों के लिए वेंडिंग जोन बनाने तथा उन्हें रोजगार के लिए कम दर पर ऋण दिलवाने, नहरों के टेल एंड तक पानी पहुंचवाने जैसी कई मांगे रखी गई। जिस पर मुख्यमंत्री ने साकारात्मक आश्वासन दिया है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया है कि जल्दी ही मलई बराज परियोजना को पूर्ण करा किसानों के खेत तक पानी दिया जाएगा। जिससे डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र के किसानों की सिंचाईं की समस्या दूर हो जाएगी।

वहीं, उनसे प्रधानमंत्री व रेलमंत्री से मिल बलिया-डिहरी रेलपथ के निर्माण की स्वीकृति दिलाने की मांग रखी गई। जदयू नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस रेलपथ के निर्माण से होने वाले लाभ को बताया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि इस पथ का निर्माण होने से यूपी व बिहार के बीच एक वैकल्पिक मार्ग तैयार होगा तथा डिहरी व बलिया की दूरी घट जाएगी, जिससे रोजगार का अवसर बढ़ेगा तथा बलिया, बक्सर व रोहतास के बीच परिवहन की व्यवस्था भी मजबूत होगी। जदयू नेता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे इस मुद्दे पर पीएम से बात करेंगे। वहीं, भोजपुर से आशा पड़री तक पथ के चौड़ीकरण का काम भी शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया है।

बता दें कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने इस पथ के चौड़कीरण की मंजूरी दी थी, लेकिन अभी तक ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा चौड़ीकरण का काम शुरू नहीं किया गया है।

जदयू नेता ने मुख्यमंत्री से डुमरांव के फुटपाथी मजदूरो का मुद्दा उठाया तथा कहा कि वेंडिंग जोन के अभाव में वे सड़क किनारे दुकान लगाने पर मजबूर हो रहे है। अक्सर उन्हें नगर परिषद प्रशासन का कोपभाजन बनना पड़ता है। जबकि नगर परिषद प्रशासन द्वारा वेंडिंग जोन का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। जदयू नेता ने मुख्यमंत्री से फुटपाथियों के रोजगार के लिए कम ब्याज पर उन्हे ऋण मुहैया कराने की मांग भी की, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जल्दी ही फुटपाथियों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## एक नजर

### बुनियाद केन्द्र में मिल रही सेवाओं का पंचायत व गांव में कराएं प्रचार-प्रसार:



**डुमरांव।** अनुमंडल वासियों के लिये बुनियाद केन्द्र वरदान साबित हो रहा है, विशेषकर दिव्यांगों के लिये। शुक्रवार को डीपीएम संजय कुमार ने औचक निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण में सबसे पहले उन्होंने केन्द्र में इलाज के लिये आए मरीजों से बात की, फिर हर विभाग की पंजियों की जांच की। उन्होंने केन्द्र के सभी अधिकारियों के साथ वार्ता करते हुए लोगों से जुड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लोगों तक बुनियाद केन्द्र की सुविधा मिले, उसके लिये आपको गांव-गांव जाना पड़ेगा और वहां जाकर लोगों को जो सेवाएं फ्री में उपलब्ध करायी जा रही है, उसके संबंध में विस्तार से बताना होगा। उन्होंने कर्मियों से कहा कि आपको आंगनबाड़ी केन्द्र, टोला सेवक, वार्ड पार्षद, सदस्य, मुखिया, सरपंच के साथ बैठकें करनी होगी। उन्हें बुनियाद केन्द्र में मिल रही सुविधाओं को बताते हुए भेजने का अनुरोध करना होगा, तभी लोग जुड़कर इसका लाभ ले सकेंगे। फिर उन्होंने कर्मियों के साथ संघारित होने वाली फाइलों में लीव लिस्ट, बजट अनुसार संचिका के साथ कैशबुक, सेवा प्रदाता पंजी, लाभार्थियों की संख्या और कैसे बढ़ इस पर भी विचार-विमर्श किया गया। वित्तीय बजट का आकलन के साथ राज्य कार्यालय द्वारा दिये गए बजट निदेशों के पालन कहां तक किया उसकी संचिका का भी अवलोकर किया। केन्द्र में डीपीओ लगभग तीन घंटे तक रह फाइलों को खंगाला। जबतक रहे तबतक कर्मियों में अफरातफरी मची रही।

### रवि उज्ज्वल को मिला रामबिहारी सिंह का साथ, वरिष्ठ नेता ने बताया उन्हें जमीनी नेता



डुमरांव। 13 जून को डुमरांव विधानसभा के अंतर्गत भदार पंचायत में जदयू के वरिष्ठ नेता रामबिहारी सिंह के आवास पर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रभारी रवि उज्ज्वल कुशवाहा शामिल हुए। इस मौके पर रामबिहारी सिंह ने कहा कि रवि उज्ज्वल जमीन पर लोगो के बीच काम कर रहे हैं। सभी समाज के लोगों में इनकी अच्छी पकड़ है। मेरा राजनीतिक तजुर्बा जो है और मै व्यक्तिगत तौर पर यही कहूंगा की यदि रवि उज्ज्वल कुशवाहा को जदयू 2025 मे मौका देती है तो डुमरांव विधानसभा का सीट जदयू जीत जायेगी, क्योकि रवि उज्ज्वल के साथ इनके समाज से साथ ही पिछड़ा, अतिपिछड़ा में भी इनकी अच्छी पकड़ है। इस दौरान रवि उज्ज्वल ने अपने संबोधन में कहा कि डुमरांव विधानसभा 2025 का चुनाव हम पुरी तरह से लड़ने के लिए तैयार हैं। हमने डुमरांव विधानसभा की जनता से उनकी समस्याओ को सुनकर उसके निदान के लिये उनसे लिखित ऐग्रीमेन्ट किया है। जुलाई माह मे डुमरांव मे पिछड़ा अतिपिछड़ा महापंचायत होगा उसमे भी चुनावी मंथन होगी। रवि उज्ज्वल धन्यवाद देते हुए रामबिहारी सिंह से कहा कि आपका साथ होने से हमारा हौसला और बढ़ गया है। बैठक में नावानगर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सत्यानंद कुशवाहा के साथ कोर टीम मौजूद रही।

## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी में चार पर जुर्माना

**चौसा।** बिजली चोरी के खिलाफ चल रहे विशेष जांच अभियान के तहत बिजली कम्पनी द्वारा बनारपुर में अवैध तरीके से मीटर बाईपास कर बिजली की खपत करने वाले चार उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में चार के खिलाफ जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय अभियंता ने बताया उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत की चोरी कर रहे थे। कनीय अभियंता ने बताया कि विद्युत अधिनियम के तहत यह एक दंडनीय अपराध है, जिससे कम्पनी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के बराढी गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक महिला की मौत बिजली के करंट की चपेट में आने से हो गई। मृत महिला की पहचान बराढी गांव निवासी मुन्ना सिंह की पत्नी ऊषा देवी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऊषा देवी अपने घर के बाहर किसी कार्य में व्यस्त थीं, तभी अचानक उनके घर के सामने लगे बिजली के पोल से एलटी तार गिर गया। वह तार धारा प्रवाहित था, और उसके संपर्क में आने से ऊषा देवी गंभीर रूप से झुलस गईं।

## बिहार घाट पर ननिहाल से मामा के साथ गंगा स्नान करने गया था किशोर

# गंगा में डूबे ननिहाल आए किशोर का देर शाम तक नहीं मिला शव, मचा कोहराम

♦ सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम दोपहर से ही शव की तलाश में जुटी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के नैनीजोर थाना अंतर्गत बिहार घाट पर एक किशोर की गंगा में डूबने से मौत हो गई है। करीब नौ घंटे की तलाश के बाद भी उसका शव नहीं मिला है। शनिवार को एसडीआरएफ की टीम फिर से शव के तलाश का प्रयास शुरू करेगी। इधर किशोर के गंगा में डूबने की खबर से उसके स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पूरे दिन गंगा घाट पर इंतजार के बाद देर शाम रोते-विलखते स्वजन वापस घर लौटे।

मृतक की पहचान भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के सरना भरौली गांव निवासी श्री प्रकाश मिश्र के 16 वर्षीय पुत्र सिद्धेश्वर कुमार मिश्र फे सित्तू के रूप में की गई है।

इस घटना के बाद बिहार घाट पर अफरा तफरी मच गई थी। शुरू में स्थानीय गोताखोरों ने शव की तलाश शुरू की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इधर जानकारी मिलते ही नैनीजोर थानाध्यक्ष बिरेन्द्र प्रसाद ने इसकी सूचना सीओ खुशबू खातून को दी। सीओ ने शव की तलाश करवाने के लिए दानापुर से एसडीआरएफ की टीम को बुलवाया।

मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम दोपहर से ही शव की तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन देर शाम तक जब सफलता नहीं मिली तथा अंधेरा बढ़ गया तब एसडीआरएफ की टीम ने आगे शव की तलाश में हाथ खड़े कर दिए। अब शनिवार को फिर से शव की तलाश करवाई जाएगी।

**सित्तू के जिद पर गंगा स्नान कराने ले गए थे मामा:** मिली जानकारी के अनुसार वह अपने माता पिता के साथ झारखंड के धनबाद में रहता था। पिछले दिनो उसकी मौसेरी बहन की शादी थी, जिसमें शामिल होने वह भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बेलौटी गांव आया था, शादी संपन्न होने के बाद वह अपने ननिहाल ब्रह्मपुर घुमने के लिए आया था। बताया जाता है कि ब्रह्मपुर के सिद्धेश्वर मिश्र के घर उसका ननिहाल था।

ननिहाल आने के बाद से ही वह गंगा स्नान की जिद कर रहा था। स्वजनों ने बताया कि वह पिछले तीन दिनों से गंगा स्नान कराने की जिद





अपने मामा लोगों से कर रहा था तथा कह रहा था कि इस बार वह गंगाजल लेकर धनबाद जाएगा।

शुक्रवार की सुबह उसके मामा मुन्ना पांडेय उसे गंगा स्नान कराने बिहार घाट पर ले गए। सुबह करीब 10 बजे घाट पर पहुंचने के बाद उसके मामा अभी शौच कर रहे थे, इसी दौरान सित्तू कपड़ा खोल अचानक गंगा में छलांग लगा दिया। वह जिस जगह पर छलांग लगाया था वहां काफी गहरा पानी था, जिस कारण छलांग लगाते ही वह डूब गया। वहीं, घटना को देख माजरा समझते ही उसके मामा शोरगुल मचा मौके पर मौजूद स्थानीय मछुआरों व गोताखोरों से उसे बचाने की गुहार लगाए। तुरंत ही कई मछुआरे व गोताखोर शव की तलाश के लिए गंगा में छलांग लगा दिए, लेकिन घंटों के प्रयास के बाद भी उन्हें सफलता नहीं मिली।

इधर वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नैनीजोर पुलिस मौके पर पहुंची तथा सीओ को सूचना देने के साथ ही स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव की तलाश शुरू करवाई।

**शव नहीं मिलने से बढ़ गई थी स्वजनों की चिंता:** किशोर का शव नहीं मिलने से स्वजनों की चिंता बढ़ गई है। सबसे अधिक परेशान ननिहाल पक्ष के लोग थे। जबकि मामा मुन्ना को मानो काठ मार गया था। उसके स्वजन व ननिहाल पक्ष के लोग पूरे दिन हीट वेब की चिंता किए बिना घाट पर जमे रहे, लेकिन शव नहीं मिलने से उनकी चिंता बढ़ गई है। स्वजनों में अब अपने चहेते के अंतिम दर्शन की चिंता सता रही है। खासकर एसडीआरफ टीम को शव की तलाश में सफलता नहीं मिलने से परिजन खासे हताश हो गए थे। स्वजनों ने बताया कि वह दो भाई व दो बहनों में सबसे छोटा था तथा काफी मेधावी था।

**शव की तलाश में जुटी है एसडीआरएफ**

“ बिहार घाट पर किशोर के डूबने की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंच शव की तलाश शुरू कराई गई। शव की तलाश के लिए एसडीआरएफ का सहयोग भी लिया गया है। फिलहाल शव बरामद नहीं हो सका है। शनिवार को एकबार फिर से शव की तलाश कराई जाएगी।

**– बिरेन्द्र प्रसाद, थानाध्यक्ष, नैनीजोर**

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत, गांव में दौड़ी शोक की लहर

**केटी न्यूज/राजपुर**

जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इसापुर बाजार के पास गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 52 वर्षीय अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान खरगपुरा गांव निवासी जनार्दन तिवारी (पुत्र हरिद्वार तिवारी) के रूप में हुई है। घटना के समय वह बाइक से किसी कार्यवश सोनपा गांव जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार, जनार्दन तिवारी घर से बाइक पर सवार हो चौसा-मोहनिया मुख्य मार्ग से होकर सोनपा जा रहे थे। जैसे ही वह इसापुर बाजार को पार कर आगे बढ़े, तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जनार्दन तिवारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सड़क पर अचानक हुए इस हादसे से अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही राजपुर थाना



पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनार्दन तिवारी की आकस्मिक मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता व उचित मुआवजा देने की मांग की है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जा रही है और पीड़ित परिवार को यथा संभव सहायता दी जाएगी।

### एटीएम से 37 हजार रुपए की ठगी

**नावानगर।** स्थानीय बाजार स्थित एक एटीएम से 37 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में बुढाईला निवासी संतोष कुमार रौशन ने नावानगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि वे इंडिया एटीएम से 3,000 रुपए की निकासी कर रहे थे, लेकिन निकासी के बाद उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया।

इसके तुरंत बाद उनके मोबाइल पर 37 हजार रुपए की लगातार निकासी के संदेश आने लगे। इधर नावानगर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि नावानगर बाजार स्थित इंडिया एटीएम से संबंधित इस फ्रॉड की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# पेंच में फंसा प्रगति यात्रा के पूर्व स्कूलों में कराए गए सौंदर्यीकरण के भुगतान का मामला, जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित

**केटी न्यूज/बक्सर**

15 फरवरी को प्रगति यात्रा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बक्सर आने से पूर्व तत्कालीन डीएम अंशुल अग्रवाल के मौखिक आदेश पर जिले के विद्यालयों में जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का काम कराया गया था, लेकिन अब इसके भुगतान में विभागीय पेंच फंस गया है।

दिलचस्प तो यह है कि शिक्षा विभाग को भी पता नहीं है कि इस दौरान किन-किन विद्यालयों में सौंदर्यीकरण या जीर्णोद्धार का काम कराया गया है। इसकी जांच के लिए डीईओ ने पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है, लेकिन इस टीम ने डीईओ से ही मामले में स्पष्टीकरण पूछ दिया है। इधर अधिकारियों के खींचतान में विद्यालयों में कराए गए कार्यों का भुगतान लंबित होने से संबंधित

♦ तत्कालीन डीएम के मौखिक आदेश पर कराया गया था काम

संवेदकों की मुश्किलें बढ़ गई है।

यह मामला अब विभागीय स्तर पर गंभीर रूप लेता जा रहा है। कार्य कराने वाले संवेदकों को चार माह बीत जाने के बावजूद उनके कार्य के एवज में भुगतान नहीं मिल सका है, जिससे संवेदकों में नाराजगी है।

बता दें कि पूर्व जिलाधिकारी के मौखिक आदेश पर संवेदकों ने विभिन्न विद्यालयों में रंगाई-पुताई, भवन मरम्मत, शौचालय की सफाई, पानी की व्यवस्था, फर्नीचर मरम्मत समेत अन्य कार्य तत्परता से कराया था, ताकी मुख्मंत्री के सामने किसी को शर्मसार नहीं होना पड़े, लेकिन अब विभाग द्वारा उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है।

मामले में डीईओ अमरेंद्र पांडेय ने तीन माह बाद एक पांच सदस्यीय तकनीकी कमिटी का गठन किया है, जो कार्यों के मूल्यांकन के बाद ही भुगतान की सिफारिश करेगी। कमिटी का नेतृत्व एसएसए डीपीओ शारिक अशरफ कर रहे हैं। कमिटी में चार अभियंताओं को भी शामिल किया गया, जो भौतिक निरीक्षण के साथ प्राक्कलन और कार्यों की वस्तुस्थिति का आकलन करेंगे।

हालांकि, गठित कमिटी ने कार्य प्रारंभ करने से पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी से ही पूछा है कि उनके द्वारा जारी पत्र में यह स्पष्ट नहीं है कि किन-किन विद्यालयों में कार्य कराए गए हैं और किन-किन कार्यों की जांच अपेक्षित है। इस स्थिति में बिना सूची के मूल्यांकन संभव नहीं हो पा रहा है। कमिटी ने सूची उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि निरीक्षण कार्य शुरू किया जा सकें।

## भंडारे के साथ हुआ पांच दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन

# महायज्ञ से भक्तिमय बना माहौल, अंतिम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड के बड़की भरौली गांव में पिछले सोमवार से आयोजित हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन शुक्रवार को पूणार्हूति व भंडारे के साथ किया गया।

अंतिम दिन वीर हनुमान के जयकारे से पूरा महायज्ञ क्षेत्र गूंज उठा। यज्ञाचार्य पंडित विजय मिश्र द्वारा पूणार्हूति डालते ही पूरा परिसर जयकारे से गूंजायमान हो उठा। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से प्रसाद ग्रहण किया।

बता दें कि महायज्ञ के तहत प्रथम दिन सोमवार को कलश यात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई थी। दूसरे दिन मंगलवार को मंडप प्रवेश एवं अरणी मंथन संपन्न हुआ। इसके




अलावा प्रतिदिन विभिन्न अनुष्ठान व हवनादि के साथ-साथ मंडप परिक्रमा का कार्य जारी रहा।

प्रतिदिन संध्या 6 बजे से 10 बजे रात्रि तक किशोरी प्रज्ञा पांडेय अयोध्या धाम के द्वारा संगीतमयी कथा प्रवचन तथा वृंदावन से आए रासलीला मंडली द्वारा रासलीला का मंचन किया गया।

शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूर्णाहुति कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर पूड़ी खीर प्रसाद ग्रहण किये। यज्ञ का नेतृत्व कर रहे हैं तांत्रिक विजय कुमार मिश्र ने बताया की भंडारे का कार्यक्रम रात्रि तक चलेगा। साथ ही अंतिम दिन शुक्रवार को अपने नियत समय से कथा प्रवचन एवं रासलीला का कार्यक्रम भी चलेगा। महायज्ञ में मेला भी काफी आकर्षक रहा। जिसमें क्षेत्र के दुकानदारों द्वारा तरह-तरह की दुकान, मीना बाजार, बच्चों के मनोरंजन के लिए चरखी, झूला आदि का प्रबंध काफी आकर्षक रहा। यज्ञ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्रद्धालु श्रोताओं की काफी संख्या में भीड़ लगी रही।

इस आयोजन से इलाके में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही थी। हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस महायज्ञ में शामिल हो रहे थे तथा मंडप परिक्रमा के साथ ही किशोरी प्रज्ञा पांडेय के मुखारबिंदु से कथामृत का पान कर रहे थे। पंडित विजय मिश्र ने बताया कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा से पूरे यज्ञ का फल मिल जाता है।



# आरा में 10 करोड़ के सोना लूट कांड में चंदन और शेरू सिंह सहित 20 अपराधियों पर चार्जशीट

♦ सीसीटीवी फुटेज और पूर्व में गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के आधार पर चिह्नित लुटेरों तक पहुंच गई थी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

चर्चित आरा के तनिष्क शोरूम डकैती कांड में पुलिस की ओर से चार्जशीट दाखिल कर दी गयी। 10 करोड़ की सोना डकैती के ठीक तीन महीने बाद 13 जून को केस के आइओ ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया, जिसमें बक्सर निवासी शेरू सिंह और वैशाली के चंदन कुमार उर्फ प्रिंस सहित 20 अपराधियों को आरोपित किया गया है। इनमें 19 फिलहाल जेल में हैं। जबकि एक की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गयी है। चार्जशीट में शेरू सिंह और चंदन कुमार उर्फ प्रिंस को मुख्य अभियुक्त बताया गया है। दोनों पर पश्चिम बंगाल के जेल से भी डकैती की प्लानिंग करने और वारदात को अंजाम देने के लिए अपराधियों एवं हथियार आदि की व्यवस्था करने का आरोप लगाया है। अररिया में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गये चुनमुन झा को मृत दिखाते हुए उसके खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया गया है। चार्जशीट दाखिल करने के साथ ही पुलिस की ओर से स्पीडी ट्रायल शुरू कराने की कवायद भी शुरू कर दी गयी है। माना जा रहा है कि इस मामले में जल्द ही ट्रायल शुरू हो सकता है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक करीब तीन सौ पेज के आरोप पत्र में बक्सर निवासी शेरू सिंह और वैशाली के मझौली गांव निवासी चंदन कुमार उर्फ प्रिंस सिंह को मुख्य अभियुक्त बताया गया है। चार्जशीट के मुताबिक पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जेल में रहने के दौरान दोनों द्वारा डकैती की पूरी साजिश रची गयी थी। लोकल स्तर पर डकैती करने से लेकर लाइनर हायर और हथियार उपलब्ध कराने तक का काम शेरू सिंह द्वारा किया गया था। वहीं,






प्लानिंग से लेकर बाहर के अन्य कामों की जिम्मेदारी चंदन कुमार उर्फ प्रिंस सिंह संभाल रहा था। अन्य अभियुक्तों में डकैती में शामिल अपराधियों से लाइनर, संरक्षक और लूटे गये सोना के रिसीवर तक शामिल हैं। 10 मार्च की सुबह हुई थी लूट, करीब आधा सोना बरामद, 17 गिरफ्तार कर भेजे गये जेल 10 मार्च की सुबह करीब साढ़े 10 बजे शहर के सबसे व्यस्त शीशमहल चौक के पास तनिष्क शोरूम में धावा बोल अपराधियों ने करीब 10 करोड़ के सोने के आभूषण की डकैती की गयी थी। सात-आठ की संख्या में रहे अपराधियों ने आभूषण के अलावे कुछ नकदी और एक सिक्युरिटी गार्ड का लाइसेंसी हथियार छीन लिया गया था। उस मामले में पुलिस द्वारा अब तक लूट के करीब आधा सोना बरामद कर लिया गया है। डकैती में शामिल लुटेरों, उनके संरक्षक, लाइनर और रिसीवर सहित 17 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एक अररिया में मुठभेड़ में मारा जा चुका है। वहीं घटना के दोनों मुख्य मास्टर माइंड पहले से जेल में थे। दोनों को इस कांड में रिमांड किया गया है। बता दें कि डकैती के कुछ घंटे के भीतर ही बड़हरा थाना क्षेत्र के बबुरा के समीप पुलिस ने सारण जिले के दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## गोली लगने के बाद पकड़े गए थे दो लूटेरे

मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार सारण निवासी दोनों अपराधियों के पास से लूटे गए दो झोला आभूषण भी बरामद किया गया था। उनकी निशानदेही पर गार्ड का हथियार भी बरामद कर लिया गया था। बाद में लाइनर, घटना में शामिल अपराधियों को पनाह देने वाले और एक रिसीवर सहित तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया था। लूट की घटना में इस्तेमाल होने वाली एक कार भी जब्त की गयी थी। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में घटना में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जेल में बंद वैशाली निवासी कुख्यात चंदन कुमार उर्फ प्रिंस और बक्सर निवासी शेरू सिंह का भी नाम सामने आया था. पुलिस की ओर से दोनों को प्रोडक्शन वारंट के जरिए दोनों को आरा लाने के बाद रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। डकैती में शामिल अन्य अपराधियों से भी पूछताछ की गयी थी। उसमें डकैती कांड का पूरा राज सामने आया था। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद हरियाणा, छत्तीसगढ़ और जम्मू भाग गये थे अपराधी शादी के लिए आभूषण और रिंग सेरेमनी के लिए अंगूठी खरीदने के बहाने तनिष्क शोरूम पहुंचे अपराधी 10 करोड़ के जेवरात लूट कर भाग निकले थे।

### अतिक्रमण हटाने को लेकर लोक शिकायत निवारण में चल रही है सुनवाई

# भोजपुर के डीएम को दिग्भ्रमित करना अगियांव सीओ को पड़ा भारी, शो-कॉज

♦ सीओ के खिलाफ कई बार कार्रवाई की जा चुकी है इसके बाद भी सुधार नहीं हो रहा है

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में डीएम तनय सुल्तानिया ने अगिआंव के अंचलाधिकारी द्वारा लोक शिकायत मामले में भ्रामक रिपोर्ट भेजने पर नाराजगी जताई। उन्होंने एडीएम को सीओ से स्पष्टीकरण मांगने और आरोप पत्र भेजने का निर्देश दिया। यह मामला अतिक्रमण हटाने से जुड़ा है जिसमें अंचलाधिकारी ने विलंब से दो तरह की रिपोर्ट दी थी। डीएम ने इसे लापरवाही मानते हुए कार्रवाई का आदेश दिया है। भोजपुर जिले में द्वितीय अपीलीय प्राधिकार सह डीएम के द्वारा लोक शिकायत मामलों की




सुनवाई के दौरान अगिआंव अंचलाधिकारी बागीसा सिंह ने भ्रामक रिपोर्ट भेज दी। सुनवाई के दौरान इस मामले की जानकारी मिलने के बाद नाराज डीएम तनय सुल्तानिया ने एडीएम डॉ. शशि शेखर को अविलंब अगिआंव अंचलाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने और उनका जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उनके खिलाफ आरोप पत्र गठित कर भेजने निर्देश दिया है। इस रिपोर्ट के बाद सीओ के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विभाग को लिखा जाएगा। लोक शिकायत का मामला अगिआंव प्रखंड के ग्राम वरुणा, पोस्ट सेवथा, थाना नारायणपुर निवासी अपीलार्थी लल्लू सिंह से जुड़ा हुआ है। उनके द्वारा अतिक्रमण हटाने एवं बंद रास्ता को खुलवाने के संबंध में डीएम के पास अपील की गई थी।इसी मामले में रिपोर्ट मांगे जाने पर काफी विलंब से अंचलाधिकारी ने दो प्रकार की रिपोर्ट दे दी, जिसे डीएम ने भ्रामक प्रतिवेदन बताया।

दूसरी तरफ, काफी लंबा समय बीतने के बाद भी डीएम के द्वारा मांगे गए कई मामलों पर स्पष्ट प्रतिवेदन भी नहीं दिया गया। जिसे उन्होंने लापरवाही और उदासीनता मानने के साथ वरीय पदाधिकारी के आदेश का उल्लंघन एवं लोक शिकायत मामलों के निष्पादन में कोताही माना है।

इसी के बाद उक्त कार्रवाई करने का निर्देश एडीएम को दिया है। दूसरी तरफ, एडीएम को इस मामले की सुनवाई अपने देखरेख में पूरी करने को कहा है।

## अधिकारियों का रास्ता रोकना पड़ा भारी, 50 पर केस

**आरा।** बड़हरा में बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों का रास्ता रोकने पर दो नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। बाढ़ नियंत्रण विभाग कटाव रोधी कार्य का निरीक्षण करने गया था तभी कुछ लोगों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। विभाग अब सतर्क है और कार्रवाई कर रहा है।कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के अचरज राय टोला गांव में बाढ़ नियंत्रण विभाग के मुख्य अभियंता पटना, अधीक्षण अभियंता बक्सर और भोजपुर के मुख्य अभियंता समेत अन्य पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों के रास्ता रोकने के मामले में दो नामजद और 50 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर नामजद और अज्ञात लोगों को चिह्नित कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दिया है। पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी को देख इस मामले में शामिल लोगों में खलबली मच गई है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों और पदाधिकारियों पर बीते दिन हुई घटना को लेकर विभाग काफी चौकस है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई संपन्न



**काराकाट।** काराकाट विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई । उक्त बैठक में अहमदाबाद विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित कई विमान यात्रियों की जनहानि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रभु दिवंगत आत्माओं को शांति दे, शोक संतप्त परिवार को संबल व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें ।साथ ही विकास,विश्वास और सेवा के 11 स्वर्णिम वर्ष विकसित भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और समावेशी विकास को समर्पित 11 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने पर विधान सभा अंतर्गत सभी पंचायत में जन संवाद करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व विधायक राजेश्वर राज सहित पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

## रोहतास डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति की हुई बैठक



**केटी न्यूज/सासाराम**

जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकम्पा के आधार पर जन वितरण प्रणाली की दुकान की अनुज्ञप्ति निर्गत करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में कुल 9 प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जिसमें कुल 4 प्रस्तावों का स्वीकृति प्रदान की गयी। जबकि अन्य 05 प्रस्तावों पर पुर्नविचार करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को जांच प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु वापस करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, रोहतास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, डिहरी, अनुमण्डल पदाधिकारी, बिक्रमगंज, अनुमण्डल पदाधिकारी, सासाराम, जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी, रोहतास उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा बताया गया कि संबंधित पंचायतों में उचित मूल्य की दुकानों नई अनुज्ञप्ति निर्गत होने पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जरूरत मंद लाभुको तक और अधिक सुलभ तरीके से किया जा सकेगा। इस दौरान डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि नियम के विपरित कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई पदाधिकारी कार्य करने में लापरवाही करते हुए तब उसकी रिपोर्ट की जाए। उसकी जांच कराते हुए उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत चोरी के आरोप में 13 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर निरंतर चलाये जा रहे अभियान तहत विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के प्रखंड सूर्यपुरा एवं संझौली में अवैध ढंग से विद्युत ऊर्जा चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के परिसर की जांच विशेष कार्य बल एसटीएफ के नेतृत्व में किया गया। जो जांच के दौरान पाया गया कि मुख्य सर्विस तार में मीटर से पहले कटिंग करके एवं मीटर बाईपास करते हुए विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्रखंड संझौली के सिअरुआ निवासी बिन्दा देवी पर 27198 रुपए, इंद्रासन देवी 22343, मंजू देवी 13557, राम दुलार चौधरी 19723 रु , लाला चौधरी 16125 रु व प्रखंड सूर्यपुरा के लखनपुरा निवासी जितेन्द्र सिंह पर 25 हजार 937,कृष्णा चौधरी 18183 रु, लक्ष्मण चौधरी 63 हजार 708, मिथिलेश चौधरी 39996 रु, लक्ष्मीपुर निवासी रविंद्र चौधरी 15371 रु, सुखराम चौधरी 7101 रु, राम इकबाल साह 20 हजार 568 रुपये जुर्माना लगायी गयी है । आगे बताते चलें कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर लखनपुरा के ही रामेश्वर चौधरी पर 8 हजार 604 रुपये जुर्माना लगायी गयी है । सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज नही कराने वाले उपभोक्ताओं के परिसर का सघन जांच की जा रही है । जिनके स्मार्ट प्रीपेड मीटर का लाइन बकाया रहने के कारण स्वतः कटा हुआ है । वह अपना बकाया राशि जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें। जो उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं।

## 15 जून को बाबा साहब और संत रविदास की मूर्ति का होगा अनावरण

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

शिवसागर प्रखंड मुख्यालय में आगामी 15 जून रविवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य मूर्ति का अनावरण एवं संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित होगी। आयोजन को लेकर कार्यकताओं द्वारा तैयारिया पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी पूर्व मंत्री सह चेनारी विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने प्रेस वार्ता कर दी। साथ ही बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल अपने करकमलों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, भवन निर्माण मंत्री सह रोहतास प्रभारी जयंत राज, श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण



मंत्री मोहम्मद जमा खान, विधान परिषद सदस्या निवेदिता सिंह और जीवन कुमार, विधायक अशोक सिंह, भरत बिंद, संगीता कुमारी समेत कई गणमान्य अतिथि भी शामिल होंगे। जबकि भाजपा रोहतास जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने बताया कि यह आयोजन सामाजिक समरसता,संविधानिक चेतना और दलित वंचित समाज के सम्मान का प्रतीक बनेगा। विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने जिले के समस्त नागरिकों, समाजसेवी, युवाओं और मीडिया प्रतिनिधियों से अपील की है कि वह उस दिन पहुंच आयोजन को सफल बनाएं।

### मानिक परासी स्थित गोड़ारी सामुदायिक भवन में शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना संपन्न

# पैक्स चुनाव में अरविंद ने 119 मतों से दर्ज की जीत

♦ दो बार पैक्स अध्यक्ष रह चुके अनिल प्रसाद को करना पड़ा हार का सामना

**केटी न्यूज/काराकाट**

काराकाट प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानिक परासी में गुरुवार देर शाम गोड़ारी सामुदायिक भवन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पैक्स चुनाव की मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। लगभग 6 बजे शुरू हुई मतगणना का कार्य देर रात तक चला, जिसे अधिकारियों व पुलिस बल की निगरानी में निष्पक्ष रूप से अंजाम दिया गया। मतगणना स्थल के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार स्वयं सुरक्षाकर्मियों के साथ पूरी प्रक्रिया पर पैनी नजर बनाए हुए थे। वहीं दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों की उत्सुकता चरम पर थी और सभी की निगाहें चुनाव परिणाम पर टिकी



हुई थीं। मतगणना की शुरूआत अब्जर्वर, बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह,दोनों प्रत्याशियों व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुई। मतगणना के लिए दो टेबल बनाए गए थे। पहले राउंड में टेबल नंबर एक पर बूथ संख्या 1 और टेबल नंबर दो पर बूथ संख्या 1 अ के मतों की गिनती शुरू की गई,जबकि दूसरे राउंड में बूथ संख्या 1 इ और 1 उ की मतपेटियों को खोला गया । गिनती पूरी होने के बाद अरविंद कुमार तिवारी को विजयी घोषित किया गया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी व दो बार पैक्स अध्यक्ष रह चुके अनिल प्रसाद को 119 मतों से पराजित किया। अरविंद तिवारी को कुल 761 और अनिल प्रसाद को 642 मत प्राप्त हुए । चुनाव में कुल 1453 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया,जिनमें 1640 पुरुष और 623 महिलाएं शामिल थीं। इस जीत के साथ अरविंद तिवारी ने दो बार की पराजय के बाद तीसरे प्रयास में जीत का परचम लहराया है । उनकी जीत की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई । अबीर-गुलाल उड़ाते हुए समर्थकों ने मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया और अरविंद तिवारी जिंदाबाद के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया । बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने विजयी प्रत्याशी अरविंद तिवारी को विधिवत प्रमाण पत्र सौंपा । प्रमाण पत्र ग्रहण करने के बाद अरविंद तिवारी जैसे ही मतगणना केंद्र से बाहर निकले, उनका जोरदार स्वागत हुआ । मीडिया से बातचीत करते हुए अरविंद तिवारी ने कहा कि यह मेरी नहीं, पूरे पंचायत की जनता की जीत है । मैंने हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ निभाया है और आगे भी निभाता रहूंगा। मानिक परासी में इस बार की पैक्स चुनावी जीत न केवल अरविंद तिवारी के राजनीतिक जीवन में मील का पत्थर बनी,बल्कि स्थानीय राजनीति को भी एक नई दिशा दे गई है। मौके पर बीडीओ राहुल कुमार सिंह, सीओ डॉ रितेश कुमार, अनुज कुमार, आलोक आनंद, विमलकांत, अनिल कुमार पासवान, संजय सिंह, अजमल अंसारी, अनिल मिश्रा, सौरभ कुमार सहित अन्य मौजूद थे।



# जेल में बंद दोस्त को शराब पिलाने पहुंचा युवक, रंगे हाथ गिरफ्तार

- पास खड़े पुलिसकर्मियों को गंध से शक हुआ तो की बोतल की जांच
- गिरफ्तार युवक जिले के सोनो थाना क्षेत्र के ओलीपुर गांव का है निवासी



**केटी न्यूज/जमुई**

बिहार में शराबबंदी कानून को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन शुक्रवार को जमुई कोर्ट में जो दृश्य सामने आया, उसने न सिर्फ कानून व्यवस्था बल्कि न्यायपालिका की गरिमा पर भी सवाल खड़े कर दिए। जेल में बंद एक कैदी की शराब पीने की चाहत को पूरा करने के लिए उसका दोस्त सीधे अदालत परिसर में शराब की बोतल लेकर पहुंच गया और पेशी के दौरान ही अपने मित्र को जाम परोसने लगा। हालांकि वक्त रहते पुलिस की नजर पड़ गई और युवक को शराब के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

**शराब और कोल्ड ड्रिंक मिलाकर बना रहा था पानी :** जानकारी के मुताबिक, घटना जमुई कोर्ट परिसर स्थित एडीजे-2 की अदालत के बाहर की है। यहां जेल में बंद कैदी ऋषि कुमार की पेशी होनी थी, जो अवैध निकासी और पंचायती राज पदाधिकारी से मारपीट के मामले में आरोपी है। इसी मामले में पहले गिरफ्तार हुआ आशीष रंजन उर्फ गांधी, जो अब जमानत पर बाहर है, भी अपनी पेशी पर कोर्ट पहुंचा था। पुलिस के मुताबिक, आशीष एक बोतल में शराब और दूसरी में स्प्राइट लेकर आया था। अदालत के बाहर उसने प्लास्टिक के गिलास में दोनों मिलाकर पानी के रूप में ऋषि को पिलाने की कोशिश की। पुलिस को हुआ शक, जांच में निकली शराब की सच्चाई शुरूआत में लोगों को लगा कि वह कैदी को सिर्फ पानी पिला रहा है, लेकिन जब पास खड़े पुलिसकर्मियों को गंध से शक हुआ तो बोतल की जांच की गई। पुष्टि के लिए गिलास में मौजूद तरल को एक अन्य व्यक्ति को पिलाया गया, जिसने पीते ही उल्टी कर दी और बताया कि उसमें शराब है। इसके बाद तुरंत आशीष रंजन उर्फ गांधी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे थाने ले जाया गया।

**पहले भी जा चुका है जेल, अब फिर गिरफ्त में :** गिरफ्तार युवक आशीष रंजन जमुई जिले के सोनो थाना क्षेत्र के ओलीपुर गांव का निवासी है। वह पहले भी उसी केस में जेल जा चुका है, जिसमें ऋषि कुमार फिलहाल बंद है। बीपीआरओ उपेंद्र कुमार वर्मा से मारपीट के मामले में दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। आशीष को बाद में जमानत मिल गई थी, लेकिन उसने कानून को धता बताते हुए कोर्ट परिसर में ही शराब पिलाने की हरकत कर डाली।

**एसडीपीओ ने दी जानकारी, दर्ज हो रही प्राथमिकी :** घटना की पुष्टि करते हुए एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि आरोपी को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है।

# भाभी से झगड़े के बाद बिजली के खंभे पर चढ़ी नाराज ननद

**गयाजी।** गयाजी जिले के रसुना गांव में घरेलू विवाद ने खतरनाक मोड़ ले लिया। भाभी से झगड़े के बाद महिला बिजली के खंभे पर चढ़ गई। समय रहते बिजली सप्लाई काटी गई और महिला की जान बचाई जा सकी। इस दौरान गांव में घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चला। दरअसल, गयाजी में फतेहपुर थाना क्षेत्र के रसुना गांव से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां घरेलू विवाद के बाद एक महिला ने आत्महत्या की कोशिश की। पति की मौत के बाद मायके में रह रही महिला का अक्सर अपनी भाभी से झगड़ा होता रहता था। पड़ोसियों के अनुसार, दोनों के बीच का विवाद काफी पुराना था। झगड़ा इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर महिला बिजली के खंभे पर चढ़ गई, जिसमें करंट सप्लाई चालू थी। उसने आत्महत्या की धमकी दी, जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद बिजली सप्लाई रोकी गई। बिजली कटने के बाद महिला को सावधानीपूर्वक नीचे उतारा गया, लेकिन इस दौरान वह बेहोश हो गई। परिजनों ने तुरंत उसे फतेहपुर सीएचसी में भर्ती कराया।

**सामाजिक सुरक्षा और कन्या उत्थान योजनाओं की राशि डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर**

# सीएम ने 62 लाख लाभुकों के खाते में भेजी 271 करोड़ राशि

- सीएम कन्या उत्थान योजना के तहत राज्य सरकार ने कुल 90.08 करोड़ की राशि दी



**केटी न्यूज/पटना**

सीएम नीतीश कुमार ने संकल्प से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभुकों के खाते में 271 करोड़ 15 लाख रुपए की राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया। कार्यक्रम में पांच सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 61 लाख 29 हजार 548 लाभुकों को 254 करोड़ 45 लाख 5 हजार 900 रुपए तथा सीएम कन्या उत्थान योजना के 85 हजार 556 लाभुकों को 16 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की गयी। 62 लाख 15 हजार 104 लाभुकों को कुल राशि 271 करोड़ 15 लाख 38 हजार 900 रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएम ने कहा कि खुशी की बात है कि कुल 62,15,104 लाभुकों को 271,15,38,900 रुपये की राशि हस्तांतरित की गयी है, जिसमें इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार की ओर से 112.14 करोड़ तथा राज्य सरकार की ओर से 68.93 करोड़ की राशि सम्मिलित है। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं बिहार निःशक्तता पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना अन्तर्गत राज्य सरकार की ओर से कुल 90.08 करोड़ की राशि दी जा रही है। सीएम ने कहा कि बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के तहत 9 लाख 64 हजार 220 लाभार्थियों को 38 करोड़ 68 लाख 95 हजार 600 रुपए की राशि राज्य सरकार की तरफ से हस्तांतरित की गयी है। लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 8 लाख 63 हजार 76 लाभार्थियों को राज्य सरकार की तरफ से 34 करोड़ 69 लाख 19 हजार 600 रुपए की राशि हस्तांतरित की गयी है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 35 लाख 59 हजार 667 लाभार्थियों को केन्द्र की तरफ से 89 करोड़ 83 लाख 43 हजार 600 रुपए तथा राज्य सरकार की तरफ से 61 करोड़ 48 लाख 85 हजार 500 रुपए की राशि हस्तांतरित की गयी है।

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्तता पेंशन योजना का मिला लाभ :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्तता पेंशन योजना के तहत 1 लाख 10 हजार 583 लाभार्थियों को 3 करोड़ 31 लाख 77 हजार 600 रुपए की राशि केन्द्र सरकार ने 1 करोड़ 10 लाख 59 हजार 200 रुपए की राशि राज्य सरकार ने हस्तांतरित की गयी है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 6 लाख 32 हजार 2 लाभार्थियों को केन्द्र सरकार की तरफ से 18 करोड़ 99 लाख 18 हजार 600 तथा राज्य सरकार की तरफ से 6 करोड़ 33 लाख 06 हजार 200 रुपए की राशि भेजी की गयी है। यानि कुल 61 लाख 29 हजार 548 लाभुकों के बीच कुल 254 करोड़ 45 लाख 5 हजार 900 रुपए की राशि भेजी गयी। केन्द्र सरकार की तरफ से 112 करोड़ 14 लाख 39 हजार 800 रुपए राशि शामिल है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत 85 हजार 556 लाभुकों को राज्य सरकार ने 16 करोड़ 70 लाख 33 हजार रुपए की राशि भेजी।

## जंगल से बरामद हुआ 10 किलो वजनी आईईडी बम

**लखीसराय।** जिले में सुरक्षा बलों को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पीरीबाजार थाना क्षेत्र के बांकुड़ा जंगल में चलाए जा रहे सघन तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने 10 किलो वजनी आईईडी बम बरामद कर नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। यह बम हार्ड स्किन पाइप में तैयार किया गया था और जमीन में गहराई से छिपाया गया था। एससी अजय कुमार ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियानों के तहत एसटीएफ की एक टीम को गुप्त सूचना मिली थी।







# बजाज एलियांज इंश्योरेंस ऑफिस में लगी भीषण आग, 15 लाख से अधिक का नुकसान

- आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है



**केटी न्यूज/सीवान**

सीवान शहर के बबुनिया मोड़ स्थित प्रकाश होटल की पहली मंजिल पर स्थित बजाज एलियांज इंश्योरेंस कंपनी के ऑफिस में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई। आग से ऑफिस का लगभग सारा सामान जलकर राख हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है और करीब 15 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। हालांकि सही आंकलन ऑफिस की स्थिति का जायजा लेने के बाद ही लगाया जा सकेगा।धुएं का गुबार देख होटल कर्मचारियों ने मचाया शोर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, होटल प्रकाश में काम कर रहे कर्मचारियों ने अचानक ऑफिस से धुआं उठता देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने तुरंत शोर मचाना शुरू किया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। अग्निशमन विभाग की तीन-चार गाड़ियां कुछ ही देर में मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने की कोशिश में जुट गईं।

**दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू :** आग लगने के तुरंत बाद धुएं का गुबार पूरे होटल परिसर में फैल गया, जिससे दमकल कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चारों तरफ धुंध जैसी स्थिति बन गई थी और कुछ भी स्पष्ट नजर नहीं आ रहा था। इसके बावजूद लगातार दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना के संबंध में बजाज एलियांज के ऑफिस मैनेजर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आग की वजह से ऑफिस का लगभग सारा सामान जल गया है। उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की संभावना है। जब हम मौके पर पहुंचे, तो अंदर घना धुआं था और कुछ भी साफ नहीं दिख रहा था।

## करंट लगने से दो चचेरे भाईयों की मौत

**सुपौल।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्हनी वार्ड 01 में को बिजली करंट लगने से दो चचेरे भाई की मौत हो गई। मृतकों की पहचान मो आलम के 16 वर्षीय पुत्र मो. इरफान व मो सलाउद्दीन के 17 वर्षीय पुत्र मो जिशान के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि मो इरफान के घर पर ई-रिक्शा चर्जिंग पर लगा हुआ था। ई-रिक्शा में करंट आ रहा था। जैसे ही उसकी मां किसी कारण से ई-रिक्शा को पकड़ी उसे करंट लग गया। जब उसकी दादी उसकी मां को करंट लगते देखी तो वह उसे बचाने वह भी दौड़ी वह भी करंट के संपर्क में आ गई। इसके बाद दोनों को बचाने के लिए इरफान दौड़ पड़ा। मां व दादी करंट के संपर्क से तो छूट गया, लेकिन इरफान का पैर नंगे तार पर पड़ गया और वह बिजली के संपर्क में आ गया। इरफान को बचाने जब उसका चचेरा भाई जीशान दौड़ कर आया तो वह भी बिजली के संपर्क में आ गया।

**बोले विजय सिन्हा... प्रयोगशालाओं के माध्यम से किसानों के खेतों की मिट्टी का होगा परीक्षण**

# 470 प्रखंडों में स्थापित होंगी नई मिट्टी जांच लैब

- फसल चक्र, उर्वरक उपयोग और भूमि सुधार के संबंध में वैज्ञानिक सलाह प्राप्त हो सकेगी
- मिट्टी नमूनों के आधार पर राज्य के कुल 1900 हेक्टेयर भूमि में सूक्ष्म पोषक तत्वों की होगी पूर्ति



**केटी न्यूज/पटना**

उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में राज्य के 470 प्रखण्डों में एक-एक ग्राम स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना की जाएगी। इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से स्थानीय किसानों को उनके खेतों की मिट्टी का परीक्षण सुलभ और समयबद्ध रूप से उपलब्ध होगा। जिससे उन्हें फसल चक्र, उर्वरक उपयोग और भूमि सुधार के संबंध में वैज्ञानिक सलाह प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से फसलों की उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी एवं खेती की लागत में कमी आएगी, जिससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इन प्रयोगशालाओं की स्थापना से न केवल कृषि तकनीक को गाँवों तक पहुंचाया जाएगा, बल्कि शिक्षित बेरोजगार युवाओं को भी स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। वर्तमान में राज्य के विभिन्न प्रखंडों में कुल 72 ग्राम स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं कार्यरत हैं, जिन्हें विस्तार देकर अब प्रत्येक प्रखंड में एक प्रयोगशाला की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना के तहत राज्य के 34 जिलों की विभिन्न पंचायतों में क्षारीय मिट्टी और 4 जिलों में अम्लीय मिट्टी के सुधार का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। अत्यधिक क्षारीय अथवा अम्लीय मिट्टी फसलों की उपज को प्रभावित करती है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए, मिट्टी का सुधार कृषि उत्पादन की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है सिन्हा ने यह भी बताया कि पिछले वर्षों में विश्लेषित किए गए मिट्टी नमूनों के आधार पर राज्य के कुल 1900 हेक्टेयर भूमि में सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति की जाएगी। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में 500 हेक्टेयर भूमि पर जिंक एवं बोरॉन जैसे आवश्यक तत्वों का वितरण किया जाएगा, जिससे भूमि की उर्वरता में सुधार होगा और बेहतर उपज सुनिश्चित की जा सकेगी। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल सिर्फ किसानों की आमदनी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बिहार को कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक अहम कदम है। जब किसान अपने खेत की मिट्टी को समझेगा, तो वह बेहतर निर्णय ले पाएगा और अनावश्यक खर्च से बचते हुए ज्यादा मुनाफा कमा सकेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### रिटायर्ड शिक्षक का खेती में कमाल, इन मीठे फलों के तैयार किए 900 पेड़, अब हो रही बंपर कमाई

गिरिडीह, एजेंसी। झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के रहने वाले राजवंश सिंह शिक्षक से रिटायरमेंट हैं। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद समय बिताने और स्वस्थ रहने के लिए बागवानी शुरू की थी। आज उनके खेत में आम, अमरूद और नींबू के 900 से अधिक पेड़ हैं। अब वे बागवानी से अच्छी कमाई कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। उन्होंने पौधे पाकुड़, छत्तीसगढ़ और भागलपुर से मंगवाए और अब अच्छी कमाई कर रहे हैं। बता दें कि राजवंश सिंह पहले स्कूल में शिक्षक थे। वह 2016 में रिटायर हो गए। इसके बाद उन्होंने अपने खेत में बागवानी शुरू की। उनके पास अब 900 से अधिक पेड़ हैं, जिसमें आम, अमरूद, नींबू और मौसमी के पेड़ शामिल हैं। आम में लंगड़ा, जर्दालू, हिमसागर, आम्रपाली जैसी कई वैरायटी हैं। अमरूद में इलाहाबादी सफेदा और ललित जैसी कई वैरायटी हैं। अमरूद 6 महीने बाद ही फल देने लगता है। हर साल वे 10 क्विंटल आम और 10 क्विंटल अमरूद का उत्पादन करते हैं। अमरूद साल में दो बार फल देता है। 2019 में उन्हें तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू से अवार्ड भी मिल चुका है। किसान राजवंश सिंह बताते हैं कि पहले वह सब्जियों की खेती करते थे, लेकिन रिटायरमेंट के बाद इतनी मेहनत नहीं कर पाते थे। तब उन्होंने बागवानी का रास्ता अपनाया। उन्होंने उच्च तकनीक का उपयोग कर बागवानी शुरू की और सरकारी योजनाओं का भी लाभ लिया। अब वह अन्य किसानों से भी जानकारी साझा करते हैं ताकि वे भी अच्छी कमाई कर सकें।

### झरिया में पति ने पत्नी पर किया चाकू से हमला, मायके में रह रही महिला को घायल कर हुआ फरार

धनबाद, एजेंसी। झरिया थाना क्षेत्र में एक शराबी पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल महिला को गंभीर अवस्था में शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच), धनबाद में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपी का नाम रोहित मोदक है, जिसने गुरुवार देर शाम अमृता मोदक पर हमला कर दिया। अमृता की मां ने बताया कि उनकी बेटी पिछले कुछ समय से मायके में ही रह रही थी। क्योंकि रोहित आए दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। पीड़िता की मां ने बताया कि रोहित की शराब पीने की लत ने अमृता का जीवन नरक बना दिया था। आए दिन की मारपीट से परेशान होकर अमृता ने कुछ महीने पहले ससुराल छोड़ दिया था और मायके में रहने लगी थी। आरोपी रोहित गुरुवार शाम अमृता के मायके पहुंचा और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल अमृता को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। इधर, झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि पीड़ित परिवार की शिकायत मिल गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### शराब घोटाला में जांच तेज, देसी शराब ब्रांड के निदेशक उमाशंकर से एसीबी ने की पूछताछ

रांची, एजेंसी। एसीबी ने गुरुवार को देसी शराब निर्माता कंपनी श्री ओम त्रिमूर्ति प्रोडक्ट लिमिटेड के निदेशक उमाशंकर सिंह से पूछताछ की। उमाशंकर सिंह पर छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया से कारोबारी संबंध रखने का आरोप है। उन की कंपनी श्री ओम त्रिमूर्ति प्रोडक्ट लिमिटेड ट्रेड नेम ब्रांड के नाम से देसी शराब का निर्माण करती है। एसीबी को अब तक की छानबीन में यह जानकारी मिली है कि छत्तीसगढ़ का शराब कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया उमाशंकर सिंह के साथ मिलकर राज्य में मई 2022 से लागू उत्पाद नीति के दौरान शराब का खेल चला रहा था। शराब घोटाला मामला उजागर होने के बाद अब एसीबी आपराधिक कार्रवाई में सिद्धार्थ सिंघानिया के साथ-साथ उमाशंकर सिंह को भी भागीदार मान रही है और इसी उद्देश्य से उनसे गुरुवार को पूछताछ की गई है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के दो पूर्व अधिकारी गुरुवार से एसीबी की रिमांड पर हैं। इन अधिकारियों में विभाग के पूर्व महाप्रबंधक वित्त सुधीर कुमार दास व पूर्व महाप्रबंधक वित्त सह अभियान सुधीर कुमार शामिल हैं। एसीबी ने इन दोनों ही अधिकारियों को 21 मई को गिरफ्तार किया था।

# गुमला में सीएचसी निर्माण कार्य में लापरवाही

## डीसी ने इन अधिकारियों के वेतन रोकने का दिया निर्देश

गुमला, एजेंसी। गुमला समाहरणालय के सभागार में गुरुवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने जिला समन्वय समिति की बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने चैनपुर प्रखंड में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के काम पड़े रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यपालक अभियंता, बीडीओ चैनपुर और सिविल सर्जन पर लापरवाही के लिए उनके वेतन भुगतान स्थगित करने का निर्देश दिया।




साथ ही नवंबर 2025 तक चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। चैनपुर में बनने वाले ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण में भूमि विवाद का अवरोध पर संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर विवाद का निपटारा करते निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक जिले में चिह्नित कुल 22 आयुष्मान आरोग्य मंदिर की नियमित रूप से बीडीओ द्वारा जांच करने और आवश्यक सुधार कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु समयबद्ध और परिणाममूलक प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने यह स्पष्ट रूप से कहा कि प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी नियमित रूप से बैठकें आयोजित कर कार्यों की प्रगति पर नजर रखी जाए एवं आपसी सहयोग से समस्याओं का समाधान किया जाए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में जिले में निर्माणाधीन 67 स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। इनमें से कुछ उपकेंद्रों के निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिले में निर्माणाधीन 82 आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की जाए। लेबुआ और सिलफरी के आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए 15 दिनों की समयसीमा निर्धारित की गई है।

उपायुक्त ने सभी बीडीओ को अपने क्षेत्र में निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने और समन्वय के साथ कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

समेकित जनजातीय विकास अभिकरण (आईटीडीए) के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्रत्येक पात्र छात्र तक पहुंचाने, जिन छात्रों के बैंक खाते, केवाईसी या आधार से संबंधित समस्याएं हैं, उनके समाधान हेतु बैंक अधिकारियों विशेषकर लीड बैंक मैनेजर के सहयोग से विद्यालयों में विशेष कैंप लगाए की बात कही।

बैठक में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की समीक्षा के दौरान जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक द्वारा यह जानकारी दी गई कि अप्रैल माह तक मंईयां सम्मान योजना की राशि का भुगतान हो चुका है, लेकिन अब भी लगभग 15,000 लाभुकों के आधार कार्ड की पुष्टि नहीं होने के कारण उनके खातों में भुगतान नहीं हो पा रहा है।

इस पर उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में आधार सीडिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हसदक, डीडीसी दिलेश्वर महतो, निदेशक शिक्षा भूषण कुमार, अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाईक, सिविल सर्जन नकुल कुमार आदि मौजूद थे।

## खेल विभाग की दो दिवसीय बैठक संपन्न, बुनियादी ढांचे और खिलाड़ियों के विकास पर बनी ठोस रणनीति



रांची, एजेंसी। राज्य में खेल संस्कृति को मजबूती देने और खिलाड़ियों की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से आयोजित खेल विभाग की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को एटीआई (प्रशिक्षण संस्थान) में संपन्न हो गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के तमाम खेल संघ के अधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक का मुख्य फोकस खेल से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास, खिलाड़ियों की आवश्यकताओं और प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार पर रहा। विभिन्न संघों ने अपने-अपने खेलों से जुड़ी समस्याएं, जरूरतें और सुधार की संभावनाएं सामने रखीं। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि ग्रामीण और जिला स्तर पर भी खेल सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ सकें।

खेल निदेशक संदीप कुमार ने बैठक को सकारात्मक और परिणामदायक बताया है। उन्होंने कहा कि इस बार की बैठक खास रही, क्योंकि इसमें केवल खेल संघ की बात नहीं हुई, बल्कि खिलाड़ियों की जमीनी स्थिति और उभरती प्रतिभाओं को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई।

खिलाड़ियों की सुविधाओं को लेकर तैयार की जा रही रणनीति

खेल निदेशक ने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग की प्राथमिकता अब सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को नहीं, बल्कि बुनियादी स्तर पर खेलने वाले बच्चों को भी समुचित संसाधन और अवसर देना है। इस दिशा में नीति और बजट को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है।

### रांची में एक्स आर्मी मैन के यहां पुलिस की रेड, बेड से बिस्तर हटाया तो...; बाप-बेटे की मिलीभगत से चल रहा था धंधा

रांची, एजेंसी। लोअर बाजार थाना क्षेत्र में जाली नोट के एक बड़े कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 500 मूल्य के 37 जाली नोट बरामद किए हैं। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया और किशोर की निशानदेही पर कालीनगर थाना नामकुम निवासी सुभाष प्रसाद के घर छापेमारी की।

वहां से पुलिस ने बिछावन के नीचे रखे 29 पीस नकली नोट बरामद किए। पुलिस को यह सफलता जमाल नाम के व्यक्ति द्वारा दिए गए एक आवेदन के बाद मिली। जमाल ने पुलिस को बताया कि उसकी सुधा कॉम्प्लेक्स स्थित मोबाइल की दुकान पर एक लड़का आया था, जिसने 3500 रुपया का एक मोबाइल खरीदा और भुगतान में 500 रुपया के सात जाली नोट दिए। जमाल ने जब नोटों को ध्यान से देखा, तो उसे पता चला कि सभी नोट नकली थे और कई नोटों का सीरियल नंबर एक ही सीरिज का था। उसके बाद उसने तुरंत अन्य दुकानदारों को इसकी सूचना दी और किशोर से पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान किशोर ने बताया कि उसके पिता सुभाष प्रसाद के पास, कालीनगर थाना नामकुम स्थित उनके घर पर, इसी तरह के और भी जाली नोट रखे हुए हैं। इस जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम ने तुरंत सुभाष प्रसाद के कालीनगर स्थित घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान पुलिस को सुभाष प्रसाद के बिस्तर के नीचे से 500 मूल्य के 29 जाली नोट बरामद हुए। इन नोटों में भी कई का सीरियल नंबर एक ही था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि बरामद नोट नकली थे।

पुलिस ने सुभाष प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है और उससे बरामद जाली नोटों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। एसएसपी ने गुरुवार को अपने कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस पूरे मामले का खुलासा किया। पुलिस अब इस जाली नोट के नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इसके स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है। वहीं, सुभाष प्रसाद एक्स आर्मी मैन है, वह गार्ड का काम करता है। सुभाष प्रसाद ने पुलिस को बताया कि वह गयाजी गए थे, उसी दौरान ट्रेन में शराब की छापेमारी हो रही थी। सुभाष प्रसाद के पास कुछ व्यक्ति बैठे हुए थे जो छापेमारी के दौरान वह लोग बैग छोड़कर भाग निकले थे, बैग में सुभाष ने नोट देखा तो उसे उठा लिया। वह रांची आने के बाद उस नोट को कई जगह पहले भी इस्तेमाल कर चुके थे, लेकिन अभी तक पकड़े नहीं गए थे।

# 15 जून से सदर अस्पताल में एमआरआई शुरू

रांची, एजेंसी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को सदर अस्पताल के सभागार में अस्पताल प्रबंधन समिति (गवर्निंग बॉडी) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद उपायुक्त ने बताया कि सदर अस्पताल में 15 जून से अस्पताल में सभी रोगियों को एमआरआई जांच की सुविधा मिलने लगेगी। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में कई अन्य सुपर स्पेशलिटी सेवाओं की भी शुरुआत करने की तैयारी की जा रही है।



सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए बैठक में निर्णय लिया गया कि अब आईसीयू में बेड की संख्या 30 से बढ़कर 60 की जाएगी, साथ ही जिले के 14 प्रखंडों में संचालित सरकारी सीएचसी-पीएचसी से संग्रहित ब्लड सैंपल्स की जांच सदर अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग में होगी। मरीज को रिपोर्ट उनके मोबाइल पर भेजा जाएगा।

इसका सफल संचालन सदर अस्पताल में जारी है, जहां जांच के बाद रिपोर्ट की पीडीएफ रोगियों के परिजनों को उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, आयुष्मान के नोडल पदाधिकारी, चिकित्सा विशेषज्ञ, रोगी कल्याण समिति के सदस्य और अन्य शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास तथा रोगी कल्याण योजनाओं की समीक्षा करना था।

मरीज हित में इन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्वीकृति... : पेट स्कैन सेवाओं की स्थापना : सदर अस्पताल रांची में अत्याधुनिक पेट स्कैन सेवाओं की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। यह सुविधा कैंसर और अन्य जटिल रोगों के निदान में मील का पत्थर साबित होगी। मैमोग्राफी सेवाओं का संचालन : महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए अस्पताल में मैमोग्राफी की शुरुआत का निर्णय लिया गया। यह सुविधा स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच और रोकथाम में योगदान देगी।

24×7 होगा अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे : आपातकालीन और नियमित चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने के लिए 24×7 रेडियोलॉजी सेवाएं (अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे आदि) शुरू करने का फैसला लिया गया।

दो मॉड्यूलर ओटी सेट किए जाएंगे : दो अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) स्थापित करने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया गया, जो जटिल सर्जरी के लिए सुसज्जित होंगे। इसे स्वीकृति दी गई।

पारदर्शी और किफायती होंगी दरें : गैर आयुष्मान भारत योजना के तहत आने वाले मरीजों और नकद भुगतान करने वाले सर्जिकल रोगियों के लिए पारदर्शी और किफायती दरें निर्धारित करने का निर्देश दिया गया।

एनआईसीयू की होगी स्थापना : गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के लिए विशेष देखभाल इकाई (एनआईसीयू) की स्थापना के लिए बजट आवंटन पर सहमति बनी। जल्द ही विशेष देखभाल यूनिट तैयार होगा।

रोबोटिक सर्जरी भी होगी : सदर अस्पताल को अत्याधुनिक सुविधा से लैस करते हुए भविष्य में रोबोटिक सर्जरी को भी शुरुआत करने पर विचार किया गया ताकि जटिल ऑपरेशन को रोबोटिक सर्जरी से आसानी से किया जा सके। साथ ही कोविड को लेकर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# होटल और गेस्ट हाउस में चल रहा था सेक्स रैकेट, पुलिस छापेमारी में पकड़ाए कई युवक-युवतियां

दुमका, एजेंसी। शहर के गुरुवार की रात एसडीएम कौशल कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने दो होटल में छापेमारी की जिसमें से एक होटल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है. इस कार्रवाई में आधे दर्जन से अधिक युवक-युवतियों को हिरासत में लिया गया है और नगर थाना में लाकर पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है.



दो होटलों में हुई छापेमारी : गुरुवार की रात के नौ से दस बजे के करीब दुमका नगर थाना क्षेत्र स्थित भागलपुर रोड स्थित होटल साकेत और नगर परिषद कार्यालय के सामने स्थित मत्स्यगंधा गेस्ट हाउस में छापेमारी की गयी. पहले साकेत होटल में अलग-अलग कमरे में रह रहे लोगों का सत्यापन किया गया. इस दौरान उस होटल में रह रही तीन लड़कियों ने खुद को कोलकाता की रहने वाली बताया और कहा कि अपने काम के सिलसिले में वह दुमका आई हैं.

इसके बाद में छापेमारी टीम मत्स्यगंधा गेस्ट हाउस पहुंची, जहां सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ. यहां से चार युवतियों और होटल संचालक समेत तीन युवकों को हिरासत में लिया गया. इस होटल के रजिस्टर में लड़कियों के इंट्री दर्ज नहीं थी. बिस्तर पर अवैध चीजें पाई गईं जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यहां सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा था.

पश्चिम बंगाल से आई थीं युवतियां : इस छापेमारी में पुलिस की टीम ने जब संदिग्ध परिस्थिति में पकड़ी गई युवतियों से पूछताछ की तो पता चला कि वे पश्चिम बंगाल के बीरभूम के अलावा दुमका जिला के अगल-बगल के इलाके से आई थीं. हालांकि पूछताछ में वे बचने के लिए अपने को इवेंट मैनेजमेंट कार्य से जुड़ी बता रही थीं.

क्या कहते हैं एसडीएम : छापेमारी के नेतृत्व कर रहे एसडीएम कौशल कुमार ने कहा कि गेस्ट हाउस में गलत काम हो रहा था. इस मामले में उसके संचालक पर भी प्राथमिकी दर्ज की जा रही है. एसडीएम ने नगर थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद को सुसंगत धाराओं में केस कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

## हाईकोर्ट में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति मामले में पूरी हुई सुनवाई, फैसला सुरक्षित

रांची, एजेंसी। झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए एसटी उम्मीदवार की नियुक्ति मामले में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हाईकोर्ट के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल जेपीएससी की अपील (एलपीए) पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद खंडपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया। इस मामले में प्रार्थी द्वारा जमा कराए गए परीक्षा फीस जेपीएससी के अकाउंट में तकनीकी कारणों से क्रेडिट नहीं हो सका था। इस पर हाईकोर्ट की एकल पीठ में प्रार्थी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा था कि चूंकि प्रार्थी हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में इंटरव्यू दे चुका है और वह उस परीक्षा में अधिकतम नंबर लाने वाला भी रहा है। कई परीक्षाओं में एसटी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा फीस भी नहीं लिया जाता है।



ऐसे में उसे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल किया जाए। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने प्रार्थी मनोज कुमार कच्छप की रिट याचिका को स्वीकृत करते हुए जेपीएससी को निर्देश दिया था कि वह चार सप्ताह में प्रार्थी की नियुक्ति करें। इस आदेश के खिलाफ जेपीएससी ने हाईकोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी है। इसमें जेपीएससी की ओर से दलील दी गई कि प्रार्थी ने जब अपना परीक्षा फॉर्म भरा था, उस दौरान जेपीएससी की वेबसाइट का स्टेटस फेल हो गया था।

जिससे उसके फीस का पैसा जेपीएससी के अकाउंट में नहीं आया था। इस कारण उन्हें पहले इंटरव्यू में नहीं बुलाया गया था और उनकी नियुक्ति नहीं की जा रही है। मालूम हो कि जुलाई 2018 में जेपीएससी ने नागपुरी भाषा के लिए एसटी उम्मीदवारों के लिए बैकलॉग वैकेंसी के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर के 4 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। इसके बाद दस्तावेजों की स्क्रूटनी में प्रार्थी को 85 मार्क्स में से 72.10 मार्क्स मिले थे। लेकिन इंटरव्यू लिस्ट जारी होने पर प्रार्थी का नाम उसमें नहीं आया था। जिसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई थी।

# पलमुआ भाषा को अधिसूचित करने की उठी मांग! बोले युवा- बोली ही हमारी पहचान

पलामू, एजेंसी। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में प्रस्तावित स्थानीय भाषा को लेकर हो रहे विवाद के बीच पलमुआ भाषा को भी परीक्षा के लिए अधिसूचित करने की मांग उठने लगी है। पलामू जिला में बड़े पैमाने पर बोली जाने वाली स्थानीय भाषा को अधिसूचित करने की मांग यहां के युवाओं ने उठाई है।



दरअसल झारखंड सरकार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए पलामू और गढ़वा में नागपुरी एवं कुड़ुख का चयन करने का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव के बाद विवाद शुरू हो गया है और पक्ष एवं विपक्ष, प्रस्ताव पर विचार कर बदलने की मांग कर रही है। इसी बीच युवाओं की एक टोली, पलामू अधिकारियों से मुलाकात कर भाषा संबंधी पूरे मामले की जानकारी दी है।

क्यों उठी भाषा को अधिसूचित करने की मांग? : शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए चयनित भाषा को लेकर सरकार ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी है। युवाओं की एक टीम ने जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर समस्याओं को अवगत करवाया है। युवाओं के टीम ने पलामू एवं गढ़वा की इलाके में भोजपुरी, मगही और हिंदी को शामिल करने की मांग की है। इसके साथ ही साथ पलमुआ भाषा को अधिसूचित करने की भी मांग की है।

पलामू की बोली ही उसकी पहचान! : युवाओं का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि, पलामू के इलाके में बोली ही उसकी पहचान है।

पहले भी भाषा विवाद पर आंदोलन हुआ है। इस बार भी युवा चुप नहीं रहेंगे। यह सम्मान की लड़ाई है और यह लड़ी जाएगी। सरकार का प्रस्ताव सही नहीं है जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर पूरे वस्तु स्थिति को अवगत करवाया गया है। सोमवार को युवा एक बार फिर से जमा होंगे और मामले की समीक्षा करेंगे।

पलमुआ भाषा को अधिसूचित करने की मांग को लेकर युवक नवीन तिवारी ने बताया कि सरकार को फैसला बदलना चाहिए, यह पलामू के हित में नहीं है। इधर मधुकर शुक्ला ने बताया कि पलामू के युवा एकजुट है और पूरे मामले में आंदोलन करेंगे।

### कदमा थाने का दारोगा निलंबित, एफआईआर लिखने के लिए मांगे थे 1 लाख रुपये, एसएसपी ने लिया एक्शन

जमशेदपुर, एजेंसी। वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने कदमा थाना के दारोगा सुनील कुमार दास को निलंबित कर दिया है। दारोगा पर कदमा की महिला दुर्गा कुमारी से एक लाख रुपये मांगने का आरोप था। महिला दहेज प्रताड़ना का आवेदन लेकर थाना गया थी। प्राथमिकी दर्ज करने के नाम पर बार-बार थाना बुलाकर एक लाख रुपये की मांग दारोगा कर रहा था। जिसकी शिकायत टेल्को निवासी भाजपा नेता अंकित आनंद ने की थी।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच का आदेश सिटी एसपी कुमार शिवाशीष को दिया था। एसपी की जांच रिपोर्ट के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। महानगर भाजपा के पूर्व प्रवक्ता अंकित आनंद ने महिला एवं उसके भाई के साथ पांच जून को एसएसपी को लिखित शिकायत सौंपी थी और ट्वीट कर मुख्यमंत्री, डीजीपी, कोल्हान डीआईजी व राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार को सूचित किया था।

एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी ने जांच शुरू की और महिला की प्राथमिकी दर्ज कराने में मदद की। जांच में व्हाट्सएप कॉल, चैट संदेश व शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए गए। रविवार को सिटी एसपी कार्यालय में शिकायतकर्ता अंकित आनंद समेत महिला, उसके पिताजी एवं भाई का बयान कलमबंद किया गया, साथ ही आरोपों के समर्थन में आवश्यक साक्ष्य भी प्रस्तुत किये गए थे। कदमा थाने से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने और ठोस साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई हुई।

इधर, अंकित आनंद ने कहा कि यह जीत सिर्फ महिला की नहीं, बल्कि पुलिस विभाग पर भरोसे की है। मुझे अफसोस रहेगा कि कदमा थाना प्रभारी ने रिश्वत प्रकरण पर सूचना दिए जाने के बावजूद चुप्पी साधे रखा। मैंने जो कहा था, उसे निभाया - भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस। डीजीपी, एसएसपी और सिटी एसपी की तत्परता ने न्याय को संभव बनाया, इसके लिए आभार।

## सुभाषितम्

बदलाव प्रारंभ में सबसे कठिन, मध्य में सबसे बेकार और अंत में सबसे अच्छा होता है। - रॉबिन शर्मा

## इजराइल का ईरान पर हमला तीसरे विश्व युद्ध की शुरूआत?

विश्व स्तर पर तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया है। इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमला कर दिया है। इससे ईरान का आसमान सफेद, काले, नारंगी और लाल रंग के धुंए से पट गया। इस हमले में 300 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। नतान सहित कई न्यूक्लियर साइट्स को इस हमले में निशाना बनाया गया है। इजराइल ने दावा किया है, कई परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत हुई और ईरान को भारी नुकसान हुआ है। यह हमला इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से ऑपरेशन राइजिंग लायन का हिस्सा बताया गया है। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए किया गया है। इस हमले में अमेरिका की भी मूक सहमति है। खुले तौर पर अमेरिका इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। हमले के बाद ईरान ने कड़ा जवाब देने की चेतावनी देकर ड्रोन से इजरायल पर हमला शुरू कर दिया है। तेहरान ने इसे युद्ध की घोषणा मानते हुये कहा कि ईरान ऐसा जवाब देगा, जिससे इजराइल कांप उठेगा। विदेशी मामलों के जानकार एवं रक्षा विशेषज्ञों का मानना है, कि यह हमला क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। फारस की खाड़ी में तनाव बढ़ने से तेल और गैस की आपूर्ति पर संकट मंडरा रहा है। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 40 फीसदी से अधिक तेल का परिवहन कई देशों के लिए होता है, उसके ब्लॉक होने से सारी दुनिया के जनजीवन और व्यापार को लेकर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। भारत ने फारस की खाड़ी से गुजरने वाली सभी उड़ानों को वापस बुला लिया है। वैश्विक शेयर बाजारों में भारी गिरावट हो रही है। भारतीय शेयर बाजार में निफ्टी और सेंसेक्स 1000 अंक तक लुढ़क गए हैं। कच्चे तेल की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। अमेरिका ने इस हमले को लेकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। सूत्रों का दावा है, नेतन्याहू को अमेरिका के राष्ट्रपति राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन प्राप्त है। ईरान के साथ भारत की बहुत पुरानी दोस्ती है। विशेषज्ञों ने इजराइल की इस कार्रवाई को परमाणु अपराध निरूपित किया है। इजराइल ने अभी जो ईरान के ऊपर हमला किया है। यह हमला विश्व युद्ध के खतरे को बढ़ाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के 75 वर्षों बाद पहली बार न्यूक्लियर साइट्स पर हमला हुआ है। ईरान के जवाबी हमले से आसपास के देशों की प्रतिक्रिया से स्थिति विस्फोटक होना तय है। विश्व समुदाय ईरान पर हुए हमले के बाद संयम और कूटनीति की अपील कर रहा है। क्या इससे यह संकट टल पाएगा। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अपनी सत्ता बचाने के लिए ईरान और गाजा को निशाना बना रहा है। डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका में भारी विरोध हो रहा है, ऐसी स्थिति में उन्होंने भी इजराइल के कंधे पर सवार होकर सारी दुनिया को भयाक्रांत करने में लगे हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू जिस तरह से आतंक फैला रहे हैं, उससे सारी दुनिया परेशान है। नेतन्याहू ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की बात नहीं मानी, मानव अधिकारों का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जो नियम युद्ध के लिए बनाए गए थे उनका भी पालन नहीं कर रहे हैं। जिस तरह की मनमानी अमेरिका और इजराइल मिलकर कर रहे हैं उसके बाद अब यह स्पष्ट रूप से दिखने लगा है, इजराइल द्वारा ईरान के ऊपर किए गए हमले के बाद विश्व युद्ध को रोका जाना संभव नहीं है। परमाणु ठिकानों पर हमला करके वैश्विक आबादी के लिए जो खतरा पैदा किया गया है वह इतनी आसानी से निपटने वाला नहीं है। इस हमले के बाद दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था तथा परमाणु हमले की आशंका के चलते जिस तरह का वातावरण बन गया है उसमें भारी तबाही होना तय माना जा रहा है। वर्तमान स्थिति में कोई भी ऐसा वैश्विक नेता नहीं है जो इस युद्ध की आशंका को रोक सके। सभी बड़ी-बड़ी महाशक्तियां इस विनाशकारी युद्ध की आग में घी डालने का काम करके युद्ध को भड़काने का काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अपना वजूद खो चुके हैं। ऐसी हालत में 75 वर्षों से जो नहीं हुआ था अब वह होने जा रहा है। एक बार फिर सारी दुनिया विनाश की ओर आगे बढ़ रही है। समय रहते यदि इसे नहीं रोका गया तो विनाशकारी परिणाम बहुत जल्द देखने को मिल सकते हैं।

## चिंतन-मनन

## धर्म का मूल केंद्र है वर्तमान

धर्म जगत ने धर्म को केवल परलोक के साथ जोड़कर भारी भूल की है। इसका परिणाम यह हुआ कि धर्म का असली प्रयोजन तिरोहित हो गया। वह स्वर्ग-सुखों के प्रलोभन और नरक-दुख के भय से जुड़ गया। हर धर्म-प्रवर्तक ने धर्म को जीवन से जोड़ा, किंतु धर्म-परंपराओं ने उसे स्वर्ग और नरक से जोड़ दिया। धर्म का मूल केंद्र वर्तमान है न कि भूत और भविष्य। हम वर्तमान क्षण को कैसे जिएं, धर्म का सारा दर्शन इसी पर टिका हुआ है। वर्तमान विषम है तो भविष्य भी विषम होगा। यदि वर्तमान सम और सुखमय है तो भविष्य भी सम और सुखमय ही होगा। यानी भविष्य वैसा ही होगा जैसा वर्तमान है। इसीलिए धर्म का असली प्रयोजन वर्तमान को सजाने-संवारने का है। इस केंद्रीय विचार से भटक जाने के कारण धर्म भूत और भविष्य में उलझ गया। वर्तमान को उसने बिल्कुल ही भुला दिया। इसलिए लोगों ने वर्तमान को केवल अतीत का परिणाम मान लिया। इससे भाग्यवाद की विचारधारा का जन्म हुआ। भाग्य को बदला नहीं जा सकता, इसलिए वे वर्तमान से विमुख हो गए और भविष्य की चिंता में पड़ गए। जिनके पास कोठी, महंगी कार और विदेशों में छुट्टी मनाने के साधन हैं, वे अतीत के परिणाम हैं। जो वैभव-संपन्न नहीं हैं, वे जप-तप में इसलिए लगे हैं ताकि भविष्य में भी साधन-संपन्न बन सकें। ऐसे में धर्म का पूरा उद्देश्य ही बदल गया। जो आत्म-केंद्रित था, वह वस्तु-केंद्रित हो गया। जो वस्तु-विमुख था, वह वस्तु-सम्मुख बन गया।

# ...जो होना है उसे कौन टाल सकता है

- संजय गोस्वामी

भारत के अहमदाबाद एयरपोर्ट से प्लेन के टेक ऑफ करने के तुरंत बाद मेघाणीनगर इलाके में यह हादसा हुआ है। विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, प्लेन में 12 क्रू मेंबर्स (दो पायलट समेत) और 230 यात्रियों सहित कुल 242 लोग सवार थे। विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी सवार थे। विमान ने गुरुवार 12/6/25 दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी थी और दो मिनट के बाद ही 1 बजकर 40 मिनट बाद क्रैश हो गया एअर इंडिया के विमान AI 171 ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (टर्मिनल नंबर 3) से अहमदाबाद के लिए उड़ान भरी थी किसी भी व्यक्ति के जीवित रहने का कोई संभावना नहीं है लेकिन रमेश कुमार नामक व्यक्ति बच गए ऐ किसी चमत्कार से कम नहीं है दुःखद समाचार है लेकिन उसमें एक बच गया कोई कुछ भी कहे की टेक्निकल फाल्ट था लेकिन उसका इंडिकेशन दीखता है जो होना होगा उसे कोई टाल नहीं सकता जिसको बचना होगा वो बच जायेगा जिसकी जितने सांस ईश्वर ने दि है उतनी मिलता है मृतकों के प्रति गहरी संवेदना है ईश्वर सभी मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें एक आदमी बचा और चलने भी लगा इससे साफ जाहिर होता जिसको जिस तरह मरना होता है उसे ऐ घटना काल बनकर आती है कुछ को बचाना लिखा होता है वह बच जाता है जिसमें जितने के फ्लाइट छूट गए हैं उन्हीं में से एक



यात्रियों में एक महिला सौभाग्यशाली रही कि अहमदाबाद के व्यस्त ट्रैफिक ने उन्हें बचा लिया। ट्रैफिक में फंसने के कारण वह 10 मिनट की देरी से सरदार वल्लभभाई एयरपोर्ट पहुंची थी। इसके बाद उन्हें अहमदाबाद लंदन की फ्लाइट में बोर्डिंग की इजाजत नहीं मिली। उसने एयरपोर्ट स्टॉफ से बहुत रिक्वेस्ट की लेकिन उसको बोर्डिंग पास नहीं मिला और वो निराश होकर रह गईं। मीडिया से बातचीत में भूमि चौहान ने बताया कि फ्लाइट के टेकऑफ के लिए 1:10 बजे का समय शेड्यूल था। भूमि चौहान ने बताया कि इस हादसे की सूचना के मिलने के बाद वह बुरी तरह से कांप गईं। पैर हिलने लगे। काफी देर तक वह सदमे रहीं। भूमि ने बताया कि जब वह दुखी होकर एयरपोर्ट से एग्जिट गेट पर पहुंची तब उन्हें पता चला कि जिस फ्लाइट को उन्होंने मिस किया है, वह क्रैश हो गया है। अनहोनी घटना होती है जो दुःखद होता है लेकिन कौन मरता नहीं है जिसे बचना होगा वो बच जायेगा दुर्घटना होती है हादसा कह कर नहीं आती और ऐ दुर्घटना पर किसी को दोष नहीं दिया जा सकता है क्योंकि यह एक बोइंग विमान था जिसका पूरे विश्व में कम से कम 800 विमानों का ऑर्डर अभी तक पूरा नहीं हुई अभी भी बन रहा है अगर कोई खामी होती है तो पायलेट विमान इंजीनियर होते हैं उन्हें विमान के सभी सिस्टम की जानकारी होती है देखिए आपदा में देश के बचाये लोगों को बचाने और उनके परिवार को संभालने की जरुरत है मौसम भी बढ़िया था और लोग ज्यादा इसलिए मारे गए क्योंकि विमान टेकऑफ करते समय सीट बेल्ट बांधने से उठने तक का मौका नहीं मिला लेकिन एक बात हमेशा ध्यान देने की जरुरत है वो यह है कि एयर पोर्ट के आस पास रिहाईशी बिल्डिंग का निर्माण ना हो पहले एयर पोर्ट बहुत दूर होते थे अब सब समने रहते हैं इससे पायलेट को बहुत सोच समझ कर उड़ान भरना पड़ता है और दुर्घटना में किसी बिल्डिंग पर गिरता है तो वहाँ भी विमान के कारण से वहां के रहने वाले लोगों की मौत हो जाता है वैसे विमान दुर्घटना अन्य देशों के मुकाबले कम हुआ है ऐ एक आपदा है जिसे कोई नहीं जान सकता है बाद में आप कुछ भी कहते रहें विमान यदि किसी दूसरे के द्वारा मार गिराया जाता है तो युद्ध हो जाता है लेकिन जब कुदरत का कहर होता है तो उसे दोष क्या देंगे ऐ समय का चक्र है एक दिन सबको मरना है अतः हमेशा प्रभु राम का ध्यान करते रहिये और जिसने बनाया है उसी ने प्राण लिया दुःख तो बहुत है लेकिन समझा को नहीं दोष गोसाई, जो तुलसीदास महाकवि ने कहा उस महाशक्ति ईश्वर को दोष नहीं दिया जा सकता है क्योंकि उसी ने सब कुछ बनाया है अतः हिम्मत से काम लें और उनके परिवार पर जो आपदा आई है उसके साथ खड़ा रहें मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है एक बार 1995 की बात है जब पटना से मोकामा जाने वाली ट्रेन में आग लगी जिसमें मेरे चाचाजी रोज पटना ऑफिस में जाते थे लेकिन उस दिन मेरे रामायण का पाठ करते थे उन्होंने चाचाजी को एक काम दे दिया जिसके करने में उन्हें घर पहुंचने में देरी हुई और ट्रेन छूट गई जैन उनके साथ जाने वाले साथी ट्रेन में जलकर मर गए कोरोना आया और कितने को मार डाला जिसके बारे में कितने भविष्यवाणी की आपदा आती है निश्चय किसी का नियंत्रण नहीं होता है जिसे जाना होगा वो जायेगा जिसे बचना होगा वो बच जायेगा जैसे एक आदमी बच गया ऐ एक अलग बहाना होता है वो एमर्जेंट गेट में बैठा था उसकी उसने खुद बताया कि अचानक विस्फोट हुआ आग लगा और कुछ ही सेकेण्ड में मरते हुए देखा हुआ उसे बचना लिखा था इसलिए वो बच गया अतः शांति से काम लें और ईश्वर से उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें अमेरिका के 9/11 आतंकी घटना में कितने लोग मारे गए लेकिन यदि किसी अन्य कारण से होता तो कुदरत का कहर ही मान सकते हैं लेकिन आतंकवादी घटना थी इसलिए अमेरिका ने अफगानिस्तान के अलकायदा को खत्म ही कर दिया क्योंकि की किसी को भी जान लेने हिंसा करने की इजाजत ईश्वर कभी नहीं देता लेकिन जो सब कुछ उसी ने दिया और उसके मर्जी से ही ऐ दुर्घटना हुई इसलिए इसपर राजनीति करना बिल्कुल गलत है ऐ होना लिखा था जाना जाना निश्चित था और दुःखद घटना हुई आप ही सोचें कौन मरेगा नहीं आज न कल सभी को इस संसार से विदा लेना है फर्क यही है कोई समय से जायेगा कोई पहले जायेगा इसलिए हमेशा प्रभु राम का ध्यान करते रहें जो होगा वो संसार की एक प्रक्रिया है जिसे नहीं टाल सकता है जो संसार का निर्माण किया है।

# बच्चों के भविष्य की नींव बचपन में ही रखें

- किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तर पर हम मनीषी जीव के अनेक रूप देखते हैं, कोई सड़क पर भीख मांग रहा है तो कोई विश्व का सबसे अमीर है कोई स्वास्थ्य से डॅमेज होकर दिव्यांग है तो कोई विश्व का सबसे स्वस्थ व्यक्ति कोई बच्चा फुटपाथ पर जीवन जी रहा है तो कोई महलों में है। हालांकि इस स्थिति को किस्मत का खेल भी हम मानते हैं परंतु इस बात से हम इनकार नहीं कर सकते कि अगर एक माली या किसान जमीन में कोई बीज बोकर उसका बारीकी से ध्यान रखता है, अंकुरित होकर पौधा होने तक उसका पूरा ध्यान रखता है तो अधिकतम संभावना उसके फलदार वृक्ष बनकर आजीवन स्वस्थ उत्पादकता बनी रहती है, जिसकी नींव उसे अंकुरित बीज की देखभाल करने से पड़ी! ठीक उसी तरह अगर हम अपने बच्चों के स्वास्थ्य, जीवन शैली, स्वास्थ्य विकास, गुणवत्ता सुधार पर उनके बचपन से ही पैदाइश से सतर्कता से ध्यान देंगे तो उनमें गुण ही अंकुरित होते जाएंगे उनके स्वास्थ्य व स्वास्थ्य विकास के फल उनके जीवन भर मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अपने बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्ता सुधार स्वास्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन भर स्वास्थ्य फलदार वृक्ष रूपी गुलशन बनाएं।

साथियों बात अगर हम हम बच्चों के स्वास्थ्य की करें तो, परिवार और उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत करने वालों के प्रति अपना समर्थन दिखाते हैं परिवार की भाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख कारक है। उन्नीसवीं सदी के मध्य तक बच्चों के उपचार के लिए कोई समर्पित सुविधा नहीं थी। उनका इलाज घर पर ही किया जाता था और अगर परिवारों के लिए यह विकल्प नहीं होता था, उस समय बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा को परिभाषित नहीं किया गया था और अक्सर परित्यक्त और अनाथ बच्चों को सिर्फ आश्रय गृहों में छोड़ दिया जाता था। अब समय के विकास के साथ बच्चों के स्वास्थ्य और गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे की करें तो, पिछले दशकों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का जीवित रहना वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे का मुख्य केंद्र रहा है। परिणाम स्वरूप, 1990 और 2019 के बीच वैश्विक बाल मृत्यु दर में 60 प्रतिशत की कमी आई। 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली 5.2 मिलियन मौतों में से कई मौतें कमजोर आबादी में केंद्रित थी, विशेष रूप से उप सहारा अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में इस बात के प्रमाण के आधार पर कि आजीवन स्वास्थ्य, उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जाती है, स्वास्थ्य क्षेत्र की यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि बच्चे न केवल जीवित रहें, बल्कि फलें-फूलें रहें। बाल विकास लक्ष्यों में उन्हें बच्चों के विकास को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट लक्ष्य शामिल हैं, जो मानव पूंजी उत्पन्न करता है जो हर बच्चे का अधिकार है, और न्यायसंगत और सतत प्रगति के लिए आवश्यक है। एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुखात्मक वातावरण यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें और विकसित हो सकें। बता दें 12-14 नवंबर 2024 को मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य और पोषण के लिए रणनीतिक और तकनीकी सलाहकार समूह के विशेषज्ञों की 10 वीं बैठक का एजेंडा विश्व बैंक द्वारा तैयार कर लिया गया है बचपन की बीमारियों का प्रबंधन गुणवत्तापूर्ण, बाल-केंद्रित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करके, डब्ल्यू एचओ देशों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में काम करने में मदद करता है। उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चे अपना 10 वां जन्मदिन अच्छे स्वास्थ्य में मना सकें। स्वास्थ्य सुविधाओं में लाए गए बच्चे अक्सर एक समय में एक से अधिक स्थितियों से पीड़ित होते हैं, और पर्याप्त देखभाल प्रदान करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कम संसाधन वाले देशों में प्रथम स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं में, रेडियोलॉजी और प्रयोगशाला सेवाओं जैसे नैदानिक समर्थन न्यूनतम या न के बराबर होते हैं, और दवाएं और उपकरण अक्सर दुर्लभ होते हैं। इन सीमाओं के बावजूद उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, डब्ल्यूएचओ बचपन की बीमारी के एकीकृत प्रबंधन के निरंतर कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है। निमोनिया, दस्त, मलेरिया, खसरा और कुपोषण। इसके तीन घटक हैं: स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के केस प्रबंधन कौशल में सुधार, समग्र स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार, और परिवार और सामुदायिक प्रथाओं में सुधार। सरकार वाले देशों के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसे 10 वर्ष तक के बच्चों तक विस्तारित करने के लिए चर्चा चल रही है।

साथियों बात अगर हम बच्चों के पालन पोषण की करें तो जिस तरह से माता, पिता और अन्य देखभालकर्ता शुरुआती वर्षों में बच्चों का पालन-पोषण और समर्थन करते हैं, वह स्वस्थ विकास और वृद्धि के लिए सबसे निर्णायक कारकों में से एक है जिसमें स्वास्थ्य, उत्पादकता और सामाजिक सामंजस्य के लिए आजीवन और अंतर-पीढ़ीगत लाभ हैं। बेहतर तरीके से बढ़ने और विकसित होने के लिए, बच्चों को पोषण संबंधी देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि वे पर्याप्त पोषण और अच्छे स्वास्थ्य का आनंद लें, सुरक्षित और संरक्षित महसूस करें, और जन्म से ही सीखने के अवसर प्राप्त करें। बीमारी के दौरान विशेष ध्यान, टीकाकरण और समय पर देखभाल सभी बच्चे के स्वस्थ विकास और वृद्धि में योगदान करते हैं। स्वच्छ हवा, पानी और स्वच्छता, और खेलने और मनोरंजन के लिए सुरक्षित स्थान भी छोटे बच्चों के लिए तलाशने और सीखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। जब देखभाल करने वालों को उनके देखभाल के तरीके, परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य सेवाओं में समर्थन मिलता है, तो उन्हें लाभ होता है। दूसरों की देखभाल करने के लिए उन्हें खुद को अच्छा महसूस करने की आवश्यकता होती है और इसलिए, देखभाल करने वाले के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करना उन सेवाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो बच्चों के स्वस्थ विकास और विकास का समर्थन करती है। साथियों बात अगर हम भारत में प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की करें तो बच्चों सहित युवाओं का शरीर स्वस्थ तभी होगा जब उसे जरूरी मात्रा में पौष्टिक तत्व मिलते रहेंगे, लेकिन आज के दौर में लगभग सभी उम्र के लोगों में अनहेल्दी फूड हैबिट्स काफी ज्यादा बढ़ गई है। शरीर के लिए पोषण की जरूरत के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर साल राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। जिस तरह इंजन को चलाने के लिए पेट्रोल की जरूरत होती है, वैसे ही हमारे शरीर को कार्य करने के लिए आहार की जरूरत होती है, लेकिन शरीर स्वस्थ्य निरोगी रहे, हर आयु में उसका विकास सही रहे तथा शरीर के सभी तंत्र व प्रणालियां सही तरह से कार्य करें, इसके लिए बहुत जरूरी है शरीर को जरूरी मात्रा में पोषण मिलता रहे।

# सामूहिक मौतों का कारण बनते विमान हादसे!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

एअर इंडिया विमान हादसे में 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई और 40 वर्षीय विश्वास कुमार मौत को चकमा देकर जिंदा बच गए हैं। विश्वास ने बताया कि उड़ान भरने के तीस सेकंड बाद तेज आवाज हुई और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत 241 विमान यात्रियों व विमान स्टाफ की व अन्य 56 लोगों की मौत हो चुकी है। लंदन के गैटविक जाने वाला एअर इंडिया का विमान – बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर – क्रू मेंबर्स के सदस्यों सहित 242 लोगों को लेकर 12 जून को दोपहर 1.38 बजे अहमदाबाद से उड़ा था और उड़ान के कुछ ही मिनटों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। हादसे में बचा विश्वास एक ब्रिटिश नागरिक है और वह अपने परिवार से मिलने भारत आया था। वह अपने भाई 45 वर्षीय अजय कुमार रमेश के साथ वापस लंदन जाने के लिए प्लेन में सवार था, वह 20 साल से लंदन में रह रहा है और उसकी पत्नी और बच्चा भी लंदन में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके भाई अजय के साथ विमान में अलग पंक्ति में बैठे थे जिनकी मौत हो चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि विमान के टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान सबसे ज्यादा हादसे होते हैं, एविएशन सेफ्टी के आंकड़ों के अनुसार, सन 2023 में दुनिया भर में 109 विमान हादसे हुए थे, जिनमें से 37 टेकऑफ के दौरान हुए थे। 14 जून, 1972 को पालम एयरपोर्ट, नई दिल्ली के पास जापान एयरलाइंस फ्लाइट 471 लैंड करते समय हादसे का शिकार हो गई थी। जिसमें सवार यात्रियों में से 82 की मौत हो गई थी और जहां विमान गिरा था, वहां मौजूद 3 नागरिक भी मारे गए थे। जापान ने इस हादसे की वजह पॉयलट फ्लाइट क्रू सिग्नल को बताया था, जबकि भारत ने लेटडाउन प्रक्रिया की अनदेखी को हादसे की वजह माना था। इसी प्रकार 31 मई, 1973 को इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 440 की फ्लाइट लैंडिंग के समय पायलट की एक छोटी सी गलती से बड़े हादसे में तब्दील हो गई और पालम एयरपोर्ट पर ही विमान क्रैश हो गया। इस विमान में सवार 65 में से 48 यात्रियों की मौत हो गई थी। वहीं 12 अक्टूबर, 1976 को हवा में इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 171 का इंजन अचानक फेल हो गया था, जिसकी वजह से विमान में आग लग गई थी। इस हादसे में विमान में सवार सभी 95 यात्री मारे गए थे। 1 जनवरी 1978 को एअर इंडिया का बोइंग 747 टेकऑफ के तुरंत बाद अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, इस हादसे में 213 लोगों की मौत हुई थी। इसी तरह 19 अक्टूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 113 टेकऑफ के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से 2 किमी दूर क्रैश हो गई थी, विमान में 135 लोग सवार थे, जिनमें से 133 की मौत हो गई थी। इसी प्रकार 12 नवंबर 1996 को सऊदी अरब एयरलाइंस और कजाकिस्तान एयरलाइंस के दो विमान हवा में आपस में टकरा गए। इस हादसे में 349 लोगों की जान गई थी। जिससे स्पष्ट है कि विमान यात्रा भी खतरों से खाली नहीं है और विमान हादसे सामूहिक मौतों का कारण बन रहे हैं। (लेखक ज्वलंत मुद्दों के चिंतक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## आज का राशिफल

**मेष** - आज दिन शुभ है और अच्छा भाग्य साथ दे रहा है और आप की कई मानसिक चिंताएं सिद्ध होंगी।

**वृषभ** - आपको व्यापार में नए सुविधा हो सकता है। बल्कि आपके आर्थिक रूप की स्थिति बढ़ेगी।

**मिथुन** - आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको नौकरी में कोई जिम्मेदारी या कार्य सौंपा जा सकता है।

**कर्क** - स्वास्थ्य में ध्यान देना है भावनाओं में अस्थिर रहने का इस कार्य में कोई गलत निर्णय ले सकते हैं।

**सिंह** - आज दिन हर काम को बहुत ध्यान और सावधानी से करने का है। परिस्थिति पर नजर रखी जा रही है।

**कन्या** - आज दिन सफलता से भरा रहेगा। कोई प्रस्तावित यात्रा या बैंक प्रस्ताव के रूप में शोध रहे हैं।

**तुला** - कार्य में सफलता मिल रहा होगा। विरोधी लोगों से आप थोड़े सावधान रह सकते हैं।

**वृश्चिक** - यदि आप नौकरी बदलना चाहते हैं या नया व्यवसाय शुरू कर रहे हैं, तो दिन शुभ है।

**धनु** - आज भाग्य साथ दे रहा है। समाज के नियम आपको आर्थिक रूप से ज्यादा बढ़ सकता है।

**मकर** - आपकी सेहत अच्छी रह सकती है। आज आपको शाम के लिए डांस के पीछे रहे थे।

**कुंभ** - लंबे समय से प्रतीक्षित कार्यों या नौकरी में बदलाव का संकेत मिल सकता है।

**मीन** - आज परिवार के मामले में किसी सामान्य होगा। अपनी योजनाओं के अनुसार काम करते रहो।

## विशेष

### पांच राज्यों के चुनाव की तैयारी 1 साल पहले

2026 में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा ने 1 साल पहले से तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा का केंद्रीय संगठन अभी से चुनाव रणनीति बनाने में जुट गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में इन्हीं पांच राज्यों के चुनाव को ध्यान में रखकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में नेता शामिल किए जाएंगे। जिस तरह की चुनौती भाजपा को पिछले कई महीनों से देखने को मिल रही है। उसको देखते हुए भारतीय जनता पार्टी सतर्क हो गई है। भाजपा ने 1 साल पहले ही युद्ध स्तर पर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा आने वाले विधानसभा चुनाव में साम दाम दंड भेद के आधार पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। सत्ता और संगठन सक्रिय हो गया है। भाजपा इस समय कोई भी रिस्क लेने तैयार नहीं है।

### पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी का 12 को भगवान से मिलन

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के लिए 12 का अंक सारे जीवन भर शुभ माना गया। वह कोई भी काम शुरू करते थे, उसमें 12 के अंक का ध्यान रखते थे। भगवान ने उन्हें 12 को अपने पास बुलाया। 10 जून को वह लंदन जाने वाले थे। फ्लाइट का शेड्यूल होने के कारण वह परन्तु जाना हो नहीं पाया 10 जून को वह नहीं जा पाए। उन्होंने 12 जून की टिकट ली। हवाई जहाज में बैठकर लंदन के लिए रवाना भी हुए। इसी तारीख 12 तारीख को भगवान ने उन्हें अपने पास बुला लिया। अहमदाबाद में प्लेन क्रैश हुआ और 229 यात्रियों की मौत हो गई। उसमें विजय रुपाणी भी थे। परिवार से उनका बिछोह हुआ है। वह 12 को भगवान के पास चले गए। यह उनके लकी नंबर का कमाल माना जा रहा है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1905 शास्त्रीय संगीत की साधिका हीराबाई बड़ोदकर का जन्म हुआ. 1940 द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मन सैनिकों ने पेरिस पर अधिकार किया था. 1941 अमेरिका ने अपने यहाँ इटली और जर्मनी की संपत्तियों को जब्त कर लिया. 1949 सर्वा स्थापित हुआ. 1949 वियतनाम की स्थापना हुई. 1962 यूरोपीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र की स्थापना पेरिस में हुई. 1964 पश्चिम पाकिस्तान में बाढ़ और तूफान से 250 लोगों की मौत हुई. 1975 सोवियत संघ ने शुक्र ग्रह के रहस्यों की खोज के लिए अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण किया. 1989 चीन ने कई पत्रकारों को अपने यहाँ से निष्कासित करके अमेरिका को हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी. 1993 कंबोडिया में राजकुमार सिंहनुक की राष्ट्राध्यक्ष के रूप में बहाली हुई.

## दैनिक पंचांग

14 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति / लग्नारंभ समय

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.22 बजे से |
| चंद्र | [illegible] | कर्क | 07.34 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.52 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.04 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.18 बजे से |
| शुक्र | [illegible] | वृश्चिक | 16.35 बजे से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.46 बजे से |
| राहु | [illegible] | मकर | 20.50 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.37 बजे से |
| | | मीन | 00.29 बजे से |
| | | मेष | 01.42 बजे से |
| | | वृष | [illegible] |

शनिवार 2025 वर्ष का 165 वां दिन। विक्रम संवत 2082, शक संवत 1947। पक्ष कृष्ण, तिथि तृतीया 15.47 बजे तक। नक्षत्र उत्तराषाढ़ा 00.22 बजे तक। करण विष्टि 12.47 बजे तक।

दिशाशूल पूर्व। सूर्य उत्तरायण। कलि अहर्गण 1872375। जूलियन दिन 2460840.5। कलियुग संवत् 5126। कल्पारंभ संवत् 1972949126। सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885126। वीरनिर्वाण संवत् 2551। हिजरी सन् 1446। महीना जिलहिज तारीख 17। विशेष संकष्टी चतुर्थी।

दिन का चौघड़िया

| | | | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.40 | से | 07.21 बजे तक |
| शुभ | 07.21 | से | 09.01 बजे तक |
| रोग | 09.01 | से | 10.41 बजे तक |
| उद्वेग | 10.41 | से | 12.21 बजे तक |
| चर | 12.21 | से | 14.01 बजे तक |
| लाभ | 14.01 | से | 15.42 बजे तक |
| अमृत | 15.42 | से | 17.22 बजे तक |
| काल | 17.22 | से | 19.02 बजे तक |

रात का चौघड़िया

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 19.02 | से | 20.22 बजे तक |
| उद्वेग | 20.22 | से | 21.42 बजे तक |
| शुभ | 21.42 | से | 23.01 बजे तक |
| अमृत | 23.01 | से | 00.21 बजे तक |
| चर | 00.21 | से | 01.41 बजे तक |
| रोग | 01.41 | से | 03.01 बजे तक |
| काल | 03.01 | से | 04.20 बजे तक |
| लाभ | 04.20 | से | 05.40 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ – उद्वेग, अमृत, चर, लाभ शुभ, रोग, काल अशुभ। [illegible]




# पंचक में क्यों की जाती है पंचमुखी हनुमान की पूजा?

हर माह में पंचक के वो 5 दिन आते हैं जब हर प्रकार के शुभ कार्य पर रोक लग जाती है। हिन्दू धर्म और ज्योतिष शास्त्र में पंचक को बहुत अशुभ माना जाता है और पंचक का प्रभाव भी व्यक्ति के जीवन पर देखने को मिलता है। यही कारण है कि ज्योतिष शास्त्र में कई प्रकार के उपाय बताये गए हैं पंचक के अशुभ प्रभाव को नष्ट करने के लिए। इन्हीं में से एक है पंचमुखी हनुमान जी की पूजा का उपाय। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि पंचक में हनुमान जी के पंचमुखी स्वरूप की पूजा करने का बड़ा महत्व है और साथ ही, इससे कई अद्भुत लाभ भी मिलते हैं।

## पंचक में पंचमुखी हनुमान की पूजा करने से क्या होता है?

पंचक एक ऐसा समय होता है जब चंद्रमा 5 नक्षत्रों धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वा भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद और रेवती से गुजरता है। ज्योतिष में इस अवधि को अशुभ माना जाता है और ऐसा माना जाता है कि इस दौरान किए गए कुछ कार्य नकारात्मक परिणाम दे सकते हैं। पंचमुखी स्वरूप भगवान हनुमान का एक विशेष रूप है जिसमें उनके 5 मुख हैं- हनुमान, नरसिंह, गरुड़, वराह और हयग्रीव। प्रत्येक मुख एक विशेष शक्ति और उद्देश्य का प्रतिनिधित्व करता है। पंचक में पंचमुखी हनुमान की पूजा को बहुत प्रभावशाली माना जाता है। पंचक के दौरान नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ सकता है। पंचमुखी हनुमान की पूजा इस नकारात्मकता को दूर करने और घर तथा व्यक्ति के आसपास सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने में मदद करती है। भगवान हनुमान स्वयं सभी प्रकार की बुरी शक्तियों और नकारात्मक प्रभावों से रक्षा करने वाले माने जाते हैं, और उनका यह पाँच मुखी रूप इस शक्ति को और बढ़ाता है। पंचक में किसी भी प्रकार का संकट या परेशानी आने की संभावना बढ़ जाती है। पंचमुखी हनुमान संकटमोचन हैं, और उनकी पूजा करने से जीवन में आने वाली बाधाओं और मुश्किलों से छुटकारा मिलता है। यह माना जाता है कि वे अपने भक्तों को हर प्रकार के कष्टों से बचाते हैं। पंचक के दौरान अज्ञात भय या असुरक्षा महसूस हो सकता है। नरसिंह का मुख भय को दूर करने वाला माना जाता है। पंचमुखी हनुमान के इस रूप की पूजा करने से मन शांत होता है और भय व चिंताएं दूर होती हैं।

हनुमान शक्ति और ऊर्जा के प्रतीक हैं। पंचक के दौरान शारीरिक या मानसिक कमजोरी महसूस होने पर पंचमुखी हनुमान की पूजा करने से शक्ति और स्फूर्ति मिलती है। यह आपको चुनौतियों का सामना करने की क्षमता प्रदान करता है। पंचक नक्षत्रों से जुड़ा होने के कारण ग्रहों के कुछ अशुभ प्रभाव बढ़ सकते हैं। पंचमुखी हनुमान की पूजा ग्रहों के इन नकारात्मक प्रभावों को शांत करने और उनसे सुरक्षा प्रदान करने में सहायक हो सकती है।




# घर पर रहती है बिना वजह अशांति, तो वास्तु के ये उपाय आएंगे काम

अगर आपका घर बन चुका है और बाथरूम, किचन या स्टोर रूम में बदलाव संभव नहीं है, तो कुछ आसान उपायों से आर्थिक गृह क्लेश से मुक्ति पा सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने घर में सकारात्मक ऊर्जा ला सकते हैं और मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। आइए एस्ट्रोलॉजर से जानें वास्तु के कुछ आसान उपाय जो आपके घर में शांति बनाए रख सकते हैं।

क्या आपके घर में बिना किसी कारण के अशांति बनी रहती है? क्या परिवार के सदस्यों में अक्सर झगड़े होते रहते हैं? क्या आपके घर में मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा है? अगर ऐसा है, तो इसका कारण वास्तुदोष हो सकता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर का सही संतुलन न होने से नकारात्मक ऊर्जा हावी हो सकती है, जिससे मानसिक शांति भंग होती है। घर में सुख-शांति बनाए रखने के लिए वास्तु के कुछ आसान और प्रभावी उपाय आजमाए जा सकते हैं। सही दिशा में रखी गई चीजें, घर की स्वच्छता, सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करने वाले उपाय और वास्तु अनुकूल वातावरण न केवल मन को शांत रखते हैं, बल्कि घर में खुशहाली भी लाते हैं।

## मुख्य द्वार पर स्वास्तिक या ऊँ का चिन्ह बनाएं

यदि आप अपने घर के मुख्य द्वार पर स्वास्तिक या ऊँ का निशान बनाते हैं, तो यह न केवल सकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करता है, बल्कि नकारात्मक शक्तियों को भी दूर करने में सहायक होता है। स्वास्तिक को हिंदू धर्म में शुभता, समृद्धि और सफलता का प्रतीक माना जाता है, जबकि ऊँ का उच्चारण और इसका चिह्न घर में आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा को बढ़ाता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, स्वास्तिक और ऊँ का चिन्ह मंगल दोष को कम करने में सहायक होता है और घर में सुख-समृद्धि बनाए रखता है। इसे बनाने के लिए गेरू, हल्दी या रोली का उपयोग करना सबसे शुभ माना जाता है। इसे नियमित रूप से स्वच्छ रखें और खासतौर पर मंगलवार और रविवार को इसका पूजन करें, जिससे घर में सकारात्मकता बनी रहे और बुरी शक्तियों का प्रभाव समाप्त हो जाए।

## बेड के सामने न रखें टेलीविजन या आईना

वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेडरूम में बिस्तर के ठीक सामने टेलीविजन या आईना रखना नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ा सकता है और गृह क्लेश का कारण बन सकता है। टेलीविजन या आइने में सोते समय हमारी छवि दिखाई देती है, जिससे नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है, जो मानसिक अशांति, तनाव और दांपत्य जीवन में समस्याओं को जन्म दे सकती है। विशेष रूप से रात के समय ऐसा करने से आपकी नींद में बाधा आती है और स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां होने की संभावना बढ़ जाती है। यदि किसी वजह से टेलीविजन या आइना हटाना संभव न हो, तो सोते समय इसे कपड़े से ढककर रखें या बेड की दिशा बदलने पर विचार करें। यह सरल उपाय आपके घर की शांति बनाए रखने में सहायक होगा और अनचाही परेशानियों से बचाव करेगा।

## बाथरूम में अपनाए ये वास्तु उपाय

घर के बाथरूम का दरवाजा हमेशा लकड़ी का होना चाहिए, किसी भी धातु से बना दरवाजा नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इसके अलावा आपके घर के बाथरूम में कभी भी खाली बाल्टी नहीं रखनी चाहिए। घर के बाथरूम में हमेशा पानी से भरी बाल्टी रखें, इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। यदि घर में ज्यादा बाल्टियां हैं, तो उन्हें उल्टा करके रखें या उनमें पानी भरकर ही रखें।

## झाड़ू से जुड़े वास्तु नियम

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कभी भी दो झाड़ू को एक साथ नहीं रखना चाहिए, क्योंकि यह आर्थिक समस्याओं को आमंत्रित कर सकता है। झाड़ू को सही स्थान पर रखने से न केवल घर की सफाई बनी रहती है बल्कि धन की स्थिरता भी बनी रहती है। इसे हमेशा उत्तर-पश्चिम दिशा में रखना शुभ माना जाता है, क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाता है और आर्थिक समृद्धि को बनाए रखने में सहायक होता है। इसके अलावा, झाड़ू को कभी भी खुली जगह में न रखें और न ही इसे पैर लगने दें, क्योंकि यह धन हानि का कारण बन सकता है। झाड़ू को इस्तेमाल के बाद हमेशा एक निश्चित स्थान पर रखें और रात में झाड़ू लगाने से बचें, क्योंकि इसे आर्थिक नुकसान और दुर्भाग्य से जोड़कर देखा जाता है। इन सरल वास्तु नियमों का पालन करके आप अपने घर में सकारात्मकता और समृद्धि बनाए रख सकते हैं।

### नया घर बना रहे हैं तो वास्तु के इन नियमों का करें पालन

- जो लोग नया घर बना रहे हैं, उन्हें किसी वास्तु विशेषज्ञ से सलाह जरूर लेनी चाहिए और कुछ महत्वपूर्ण वास्तु नियमों का पालन करना चाहिए।
- आपको कभी भी मुख्य द्वार के पास डायनिंग टेबल नहीं रखनी चाहिए।
- घर के सभी सभी कमरे हवादार और रोशनी से भरपूर होने चाहिए। घर का कोई भी कमरा अंधेरे स्थान पर नहीं होना चाहिए।
- सभी कमरों का आकार वर्गाकार या आयताकार होना चाहिए।
- घर का मुख्य द्वार कभी भी काले रंग का नहीं होना चाहिए। काला रंग नकारात्मकता को बढ़ावा देता है और घर के वास्तु दोष का कारण बनता है।
- घर के मुख्य द्वार के पास फव्वारा या पानी से संबंधित कोई भी वस्तु न रखें। मुख्य द्वार के आस-पास अंधेरा नहीं होना चाहिए।
- इन आसान उपायों को अपनाकर आप घर के वास्तुदोष को कम कर सकते हैं और सुख-शांति व समृद्धि को आमंत्रित कर सकते हैं। यही नहीं इन उपायों से आपके घर की अशांति भी दूर होती है।





# अधिक पूजा-पाठ करने वाले लोग क्यों रहते हैं परेशान

पूजा-पाठ करना बहुत सुंदर भाव है। इससे व्यक्ति को आंतरिक शांति मिलती है और उसका सुखमय रहता है। साथ ही भगवान के प्रति उसकी आस्था भी बढ़ने लग जाती है। हर मनुष्य के मोक्ष की प्राप्ति के लिए ज्ञान और कर्म बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी के साथ भगवान की भक्ति भी जरूरी होती है, लेकिन बिना कर्म, ज्ञान और भक्ति के पूजा सिद्ध नहीं मानी जाती है। पूजा-पाठ करना बहुत ही सुंदर और पवित्र भाव होता है।

इससे व्यक्ति के ऊपर ईश्वर की कृपा बनी रहती है और आंतरिक शांति भी मिलती है। अगर व्यक्ति सच्चे मन से ईश्वर की प्रार्थना करता है, तो उसके जीवन में कठिनाइयां जरूर आती हैं। क्योंकि ईश्वर उन्हीं की परीक्षा लेता है, जिससे वह सबसे ज्यादा प्रेम करता है। पूजा-पाठ एक कर्म भी माना जाता है। जिसका समुचित फल व्यक्ति को समय के अनुसार मिलता है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जो व्यक्ति ईश्वर की सच्चे मन से पूजा करता है, वह परेशान रहता है।

अधिक पूजा-पाठ (पूजा-पाठ नियम) करने वाला व्यक्ति इसलिए परेशान रहता है, क्योंकि ईश्वर उसी की परीक्षा लेते हैं, जिससे वह सबसे अधिक प्रेम करता है। भगवान उसे हर कठिनाइयों से मुक्त करना चाहते हैं, ताकि उसे जीवन में कभी किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। यही भक्त भी सच्चे हृदय से अपने आराध्य की पूजा करता है, ताकि ईश्वर के प्रति उसकी आस्था निरंतर बढ़ती रहे और जीवन में आ रही कठिनाइयां भी उसका कुछ न बिगाड़ सकें।



## ईश्वर अपने भक्तों को देते हैं शक्ति

ईश्वर अपने भक्तों को कभी उदास नहीं देख सकते हैं और वह नहीं चाहते हैं कि दूसरे उन्हें परेशान करें और उन्हें हानि पहुंचाएं। इसलिए भगवान (श्रीहरि मंत्र) अपने भक्तों को अकेले रहने की शक्ति देते हैं, ताकि वह हर परिस्थिति का डटकर सामना कर सकें।

## भक्त श्रद्धा भाव से करें ईश्वर की पूजा

भक्त अगर आप ईश्वर की पूजा कर रहे हैं, तो उनकी पूजा में कभी गलती न करें। कभी-कभी ऐसा होता है कि हम कई बार पूजा-पाठ करने के दौरान छोटी-छोटी गलती कर देते हैं, जिससे हमें मुश्किलों का सामना करना पड़ जाता है, लेकिन भगवान कभी भक्त का नियम नहीं देखते हैं, कि वह किसी विधि और नियम से पूजा कर रहा है। वह तो बस यही चाहते हैं कि भक्त श्रद्धाभाव से उनको याद करें। ईश्वर एक शक्ति और भाव है। उसी भक्त पर ईश्वर की कृपा होती है, जो सरल, श्रद्धा और अपनत्व का जीवन जीते हैं।



# हिंदुओं में एक ही गोत्र में शादी करने की क्यों होती है मनाही

हिंदू धर्म में शादियों के लिए कई प्रथाएं प्रचलित हैं। शादी की कई रस्मों से लेकर रीति रिवाजों तक न जाने कितनी बातें हैं जो इन शादियों को खास बनाती हैं। यूं कहा जाए कि अपनी प्रथाओं की वजह से ही हिंदू शादियों का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है और इन रिवाजों का पालन करने से रिश्ता मजबूत बना रहता है। ऐसे ही शादियों से पहले की भी कुछप्रथाएं हैं जैसे शादी से पहले कुंडली का मिलान करना, कुंडली में सभी तरह की बातों को ध्यान में रखकर शादी को आगे बढ़ाना और इन्हीं रिवाजों में से एक है कुंडली के साथ गोत्र का मिलान करना।

जिस तरह कुंडली मिलान को एक सफल शादी की बुनियाद माना जाता है उसी तरह यह भी मान्यता है कि एक ही गोत्र में शादी नहीं करनी चाहिए। आपमें से कई लोगों ने बड़ों से ये बात कहते हुए कई बार सुनी होगी और शायद इसका कारण ठीक से पता न चल पाया हो।

ज्योतिष में ऐसा माना जाता है कि गोत्र सप्तर्षि (जैसे हैं सप्तर्षि) के वंशज का रूप हैं, जिसका अर्थ है 7 ऋषि। सात ऋषि अंगिरस, अत्रि, गौतम, कश्यप, भृगु, वशिष्ठ और भारद्वाज हैं। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार वैदिक काल से ही गोत्रों का वर्गीकरण अस्तित्व में आया था। वास्तव में सैम गोत्री विवाह और गोत्र का चलन रक्त संबंधियों के बीच विवाह से बचने के लिए स्थापित किया गया था और इस प्रकार यह निर्धारित करने के लिए बाद में सख्त नियम बनाए गए कि कौन किस वंश से विवाह कर सकता है। उसी के साथ इस बात की मनाही भी हुई कि किसी एक ही गोत्र के लड़के को उसी गोत्र की लड़की से शादी नहीं करनी चाहिए।

## एक ही गोत्र में विवाह वर्जित क्यों है?

ज्योतिष की मानें तो एक ही गोत्र में विवाह इसलिए वर्जित होता है क्योंकि मान्यता है कि एक गोत्र का मतलब है कि हमारे पूर्वज भी एक ही थे। इस लिहाज से ये बात सामने आती है कि एक ही गोत्र के लड़के और लड़की आपस में भाई- बहन का रिश्ता रखते हैं। यदि ज्योतिष को न भी मानें तो ये वैज्ञानिक कारणों से भी वर्जित होता है। दरअसल लड़के और लड़की के बीच डीएनए के घनिष्ट संबंध उनके वैवाहिक जीवन से लेकर संतान प्राप्ति तक में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। समान गोत्र वाले लोगों को सगे रिश्तों की तरह माना जाता है और समान-गोत्र-शादियों से बचने के लिए दिया गया तर्क यह है कि जीन की निकटता के कारण आनुवंशिक विकृति उत्पन्न हो सकती है।

## किन गोत्रों में नहीं की जाती शादी

हिंदू रिवाजों की मानें तो विवाह (जल्दी शादी के उपाय) तीन गोत्र छोड़कर ही करना चाहिए। इसमें अपना गोत्र, माता का गोत्र और पिता की माता यानी कि दादी के गोत्र को छोड़कर किसी भी गोत्र में शादी करने की सलाह दी जाती है। ज्योतिष में इन गोत्रों में शादी करने से आगे के जीवन में कई समस्याएं हो सकती हैं।

क्या एक गोत्र में विवाह किया जा सकता है? कुछ ज्योतिषियों का मानना है कि सात पीढ़ी के बाद गोत्र बदल जाते हैं अर्थात सात पीढ़ी से यदि एक ही गोत्र चला आ रहा है तो आठवीं पीढ़ी से गोत्र में परिवर्तन होने की वजह से इस तरह का विवाह किया जा सकता है।

## क्या है वैज्ञानिक कारण

अगर वैज्ञानिक शोधों की मानें तो अनुवांशिक दोष और रक्त डीएनए संयोजनों के कारण रक्त संबंधियों के बीच विवाह करने से संतान पैदा करने में समस्याएं हो सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि इस तरह की संतान को कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि आजकल विज्ञान ने इतनी उन्नति कर ली है कि लोग ऐसी शादियां करते हैं और उनकी संतान भी स्वस्थ पैदा होती है। लेकिन ज्योतिष और विज्ञान दोनों के अनुसार ऐसा विवाह न करने की सलाह ही दी जाती है।

## कर्मचारियों को पैसे देकर हटाने की पेशकश

माउंटेन व्यू, एजेंसी। गूगल ने लागत में कटौती के दौर में अपने कई प्रमुख विभागों के कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने के लिए पैसे देने की पेशकश की है। कोर्ट में गूगल का इंटरनेट साम्राज्य टूटने संबंधी आदेश की आशंका के बीच यह फैसला लिया गया है। कैलिफोर्निया में कंपनी ने ऐसी रिपोर्टों की पुष्टि की है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इससे कितने कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार - गूगल सर्च, विज्ञापन, अनुसंधान और इंजीनियरिंग इकाइयों में कर्मियों को प्रस्ताव दिए गए हैं। कंपनी के प्रवक्ता कोर्टेने मेनसिनी ने कहा, इस साल की शुरुआत में महामारी कुछ टीमों ने अमेरिका-आधारित गूगल कर्मियों के लिए नौकरी छोड़ने के साथ एक स्वैच्छिक निकास कार्यक्रम शुरू किया था। कई टीमें उन दूरस्थ कर्मचारियों से भी कह रही हैं जो दफ्तर के पास रहते हैं कि वे हाइब्रिड कार्य शेड्यूल पर वापस लौटें ताकि लोगों को निजी रूप से साथ लाया जा सके।

अवैध एकाधिकार पर फैसले का इंतजार - लोगों को पैसे देकर नौकरी छुड़ाने की पेशकश कोर्ट के फैसले से पहले आई है। गूगल सर्च इंजन को अमेरिकी न्याय मंत्रालय अवैध एकाधिकार घोषित कर चुका है। जिला जज अमित मेहता सरकारी प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, जिसमें गूगल पर प्रतिवर्ष 26 अरब डॉलर से अधिक का भुगतान करने के लिए प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। यह सर्च इंजन को लॉक करने, प्रतिद्वंद्वियों से डेटा साझा करने व क्रोम ब्राउजर को बेचने के लिए बाध्य करेगा।

2023 से घट रहा कर्मचारी - गूगल 2023 से समय-समय पर कर्मचारियों की संख्या घटा रहा है। कंपनी ने लॉकडाउन के दौरान शुरू की गई भर्ती की होड़ से पीछे हटना शुरू कर दिया है। गूगल ने महामारी के बाद की अपनी छंटनी की शुरुआत 2023 की शुरुआत में 12,000 कर्मचारियों की छंटनी करके की थी। अब कंपनी एआई पर खर्च बढ़ा रही है।

## पेट्रोल-डीजल फिर से हो सकता है महंगा, वजह है कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें

नई दिल्ली, एजेंसी। इजरायल के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी में एक बार फिर से टेंशन बढ़ गया है। इसी के साथ ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो गई है। इस बढ़ोतरी की वजह से सरकारी कंपनी ओएनजीसी और ऑयल इंडिया के शेयरों में उछाल आ गया है। हालांकि आज यानी शुक्रवार को सुबह के सत्र के दौरान बीएसई सेंसेक्स में करीब 800 अंकों की गिरावट देखने को मिली है।

क्रूड ऑयल की कीमतें बढ़ीं - ईरान पर इजरायली हमले के बाद यू.एस. बेंचमार्क कच्चे तेल की कीमत 5.6 यानी 8.2 प्रतिशत बढ़कर 73.61 प्रति बैरल हो गई। ब्रेंट क्रूड की कीमत भी 5.52 बढ़कर 74.88 प्रति बैरल हो गई है। गौरतलब है कि ब्रेंट क्रूड इंटरनेशनल लेवल पर कच्चे तेल का स्टैंडर्ड है। दे खा जाए तो कच्चे तेल




की कीमतों में पिछले कुछ दिनों के दौरान ही करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह तेजी अप्रैल के बाद सबसे ज्यादा है। दरअसल, हमले की वजह से मिडिल ईस्ट में सप्लाई में दिक्कतें आने की आशंका है। इसी वजह से भी तेल के दाम बढ़े हैं।

ओएनजीसी के शेयरों में तेजी - शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स में सुबह के सत्र के दौरान करीब 800 अंकों की गिरावट दिखी। तब भी ओएनजीसी के शेयर करीब ढाई रुपये चढ़ कर 250 रुपये से ऊपर ट्रेड कर रहे थे। ऑयल इंडिया लिमिटेड के शेयर तो करीब 12 रुपये चढ़ कर 480 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे।


गुरुवार को भी चढ़े थे शेयर - गुरुवार को सरकारी तेल कंपनियां ओएनजीसी और ऑयल इंडिया के शेयरों में उछाल आया था। यह उछाल ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण ही आया था। ओएनजीसी के शेयर 3.2 प्रतिशत बढ़कर 255.15 रुपये पर पहुंच गए।

# बंद पड़े बैंक अकाउंट को शुरू करवाना होगा आसान

### रिजर्व बैंक ने सरल किए केवाईसी नियम, होम ब्रांच जाने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नए निर्देश जारी कर केवाईसी नियमों को और भी आसान कर दिया है, ताकि बैंक खाताधारक अपने लंबे समय से बंद पड़े खातों और बिना क्लेम किए गए डिपॉजिट को फिर से चालू कर सकें। इन नए नियमों के मुताबिक, अब ग्राहक को अपना खाता चालू करने के लिए उसी ब्रांच में जाने की जरूरत नहीं, जहां खाता खोला गया था। केवाईसी अपडेट अब किसी भी बैंक ब्रांच से किया जा सकेगा चाहे वो होम ब्रांच हो या नहीं। इसी के साथ ग्राहक अब वीडियो कॉल से भी केवाईसी कर सकते हैं। इसे वीडियो- कस्टमर आइडेंटिफिकेशन प्रोसेस कहते हैं। ये सुविधा खासकर बुजुर्गों, एनआरआई और ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है।

केवाईसी पेंडिंग तो भी लेन-देन की अनुमति- गुरुवार को जारी अधिसूचना में रिजर्व बैंक ने कहा कि अब बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट को केवाईसी का अपडेशन या पीरियोडिक अपडेशन करने की अनुमति है। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि बैंकों को केवाईसी अपडेशन प्रक्रिया का




अनुपालन करने के लिए ग्राहकों को कम से कम पत्र से एक बार सूचना देनी होगी और कम से कम तीन अग्रिम सूचनाएं देनी होंगी। रिजर्व बैंक ने बैंकों और एनबीएफसी को निर्देश दिया है कि वे तथाकथित कम जोखिम वाले ग्राहकों से सभी लेन-देन की अनुमति दें, भले ही उनका केवाईसी पेंडिंग हो। इन ग्राहकों के पास केवाईसी अपडेट के लिए 30 जून 2026 तक का समय है।

बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट को केवायसी की अनुमति- केंद्रीय बैंक ने बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट को केवाईसी अपडेट का अधिकार दिया है। बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूह, माइक्रो फाइनेंस संस्थान जैसे संगठन हैं, जिन्हें बैंक अपने एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अनुबंधित करता है। आपका स्थानीय किराना दुकान मालिक भी बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट के रूप में पैनल में शामिल हो सकता है।

# 1475 प्रतिशत का धांसू रिटर्न

### 19 रुपये के स्टॉक ने किया मालामाल, एक्सपर्ट्स ने कहा 53 प्रतिशत और बढ़ेगा दाम

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार के विषय में कहा जाता है कि धैर्य रखिए और रिटर्न का इंतजार करिए। केनरी के पोजीशनल निवेशकों के साथ ऐसा ही हुआ है। महज 5 साल के दौरान इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 1475 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। जून 2020 को कंपनी के शेयरों का भाव 19 रुपये था। अब कंपनी का रेट 299.35 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। केनरी के शेयरों में उछाल की वजह से महज 5 साल में पोजीशनल निवेशकों का पैसा 1 लाख रुपये से 15 लाख रुपये हो गया है।

#### पिछले एक साल में कंपनी का शेयरों का भाव

केनरी के शेयरों की कीमतों में बीते एक साल के दौरान 93 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। जून के महीने में स्टॉक 4 प्रतिशत बढ़ा है। इससे पहले मई के महीने में स्टॉक का भाव 25.50 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल में 1 और मार्च के महीने में 37 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। कंपनी का 52 वीक हाई 330 रुपये और 52 वीक लो लेवल 151.10 रुपये है। कोविड के समय पर कंपनी के शेयरों का भाव 18 रुपये था। तब से अबतक कंपनी के शेयरों का भाव 1565 चढ़ चुका है।

#### एक्सपर्ट्स बुलिश

केनरी के शेयरों के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज हाउस चॉइस ब्रोकिंग बुलिश है। इस ब्रोकरेज हाउस ने इस स्टॉक को बाय टैग दिया है। ब्रोकरेज हाउस की तरफ से 459 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है।

ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि अगले 24 महीने में इस स्तर पर कंपनी के शेयरों का भाव पहुंच सकता है। यानी 299 रुपये के हिसाब से कंपनी के शेयरों का भाव 53 प्रतिशत चढ़ सकता है।

# एअर इंडिया विमान हादसे के बाद टाटा समूह के शेयर टूटे

### इंडिगो-स्पाइसजेट, बोइंग भी कमजोर

नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को एअर इंडिया का एक विमान हादसे का शिकार हो गया। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान दोपहर 1.38 पर टेकऑफ के बाद कुछ ही मिनटों में क्रैश हो गया। टाटा ग्रुप की एयरलाइन एअर इंडिया के विमान के हादसे का शिकार होने के बाद शेयर बाजार में टाटा के समूह के शेयरों में भारी गिरावट दिखी। सेंसेक्स में शामिल ग्रुप की प्रमुख कंपनियों टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा स्टील और टीसीएस के शेयरों में भारी बिकवाली दिखी। गुरुवार को दोपहर करीब 03.40 बजे बीएसई पर टाटा मोटर्स के शेयर 2.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 714.45 रुपये, टाइटन के शेयर 2.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3448.90 रुपये, टाटा स्टील 2.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 152.60 रुपये और टीसीएस के शेयर 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3432.00 रुपये के भाव पर दिखे। इसके अलावा, देश की प्रमुख एविएशन कंपनी इंडिगो (इंटरग्लोब एविएशन) के शेयर 3.32 प्रतिशत (187.00 रुपये) की गिरावट के साथ 5444.00 रुपये और स्पाइसजेट के शेयर 2.40 प्रतिशत 1.09 रुपये की गिरावट के साथ 44.40 रुपये पर आ गए।

#### हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग 787-8 था

बता दें कि आज हादसे का शिकार हुई एयर इंडिया की फ्लाइट AI171, एक बोइंग 787-8 विमान था, जिसमें बिजनेस क्लास और इकोनॉमी क्लास की कुल 254 से लेकर 267 सीट होती हैं। अहमदाबाद से इस विमान को करीब 9 घंटे की यात्रा के बाद 10.45 बजे लंदन से गैटविक एयरपोर्ट पर लैंड करना था। हादसे के समय विमान में 12 क्रू मेंबर्स और 230 यात्रियों समेत कुल 242 लोग सवार थे। इतना ही नहीं, ऐसी भी खबरें आ रही हैं कि क्रैश हुए विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी सवार थे।

#### कहां और कैसे हुआ हादसा?

विमान हादसा सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास हुआ। दुर्घटनाग्रस्त इलाके में भारी धुआं और आग की लपटें देखी गईं। स्थानीय निवासियों ने आसमान में काले धुएं का गुबार देखा, जिससे पता चला कि हादसा गंभीर है। बता दें कि हादसे का शिकार हुआ एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर प्लेन अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। टेकऑफ के दौरान ये एयरपोर्ट की दीवार से टकरा गया और उसमें आग लग गई।

#### बोइंग के शेयरों में भी गिरावट

एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद गुरुवार को बोइंग के शेयरों में गिरावट आई। यह आपदा विमान निर्माता के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि इसके नए सीईओ सुरक्षा और उत्पादन चुनौतियों की एक श्रृंखला के बाद विश्वास को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं हादसे को लेकर बोइंग ने एक बयान में कहा कि उसे शुरुआती रिपोर्टों के बारे में पता है और वह अधिक जानकारी जुटाने के लिए काम कर रहा है। बोइंग के शेयर शुरुआती घंटे में पहले 8 प्रतिशत तक गिरने के बाद 1430 जीएमटी तक 3.85 प्रतिशत गिरकर 205.7 पर कारोबार करते दिखे।

# 1,00,000 रुपये के पार पहुंचा गोल्ड का रेट

### इजरायल-ईरान टेंशन की वजह से बढ़ा दाम, 74 दिन में 10 हजार बढ़ा रेट

नई दिल्ली, एजेंसी। इजरायल के ईरान पर अटैक का असर गोल्ड मार्केट पर भी दिख रहा है। एमसीएक्स में सोने का भाव एक लाख रुपये के लेवल को क्रॉस कर गया है। एमसीएक्स गोल्ड 99500 रुपये के लेवल पर खुला था। कुछ देर के बाद गोल्ड का रेट 1.12 प्रतिशत यानी 1108 रुपये के इजाफे के बाद 100288 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। इससे पहले एमसीएक्स में गोल्ड 98,392 रुपये पर बंद हुआ था।

एमसीएक्स सिल्वर प्राइस 565 रुपये या फिर 0.53 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 106450 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रहा है। इससे पहले यह 1,05,885 रुपये पर बंद हुआ था। बता दें, इंटरनेशनल मार्केट में सोने का भाव 5 महीने के उच्चतम स्तर पर है। आज गोल्ड का रेट 3425 डॉलर के करीब था।

#### बुलियन मार्केट में सोने का भाव 2000 रुपये बढ़ा

इबजाइट्स की तरफ से जारी किए गए रेट्स के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड 99,170 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है। इससे पहले कल शाम को 10 ग्राम गोल्ड का रेट 97164 रुपये था। यानी कल मुकाबले आज गोल्ड की कीमतों में 2000 रुपये से अधिक की उछाल देखने को मिली है। बता दें, चांदी का भाव 1,06,240 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया है।



#### 74 दिन में 10,000 रुपये मंहगा हुआ सोना

गोल्ड की कीमतों में महज 74 दिन के अंदर 10,000 रुपये का इजाफा हुआ है। इससे पहले इतने दिनों में गोल्ड की कीमतों में इतना इजाफा देखने को नहीं मिला था।

सोने की कीमतों में तेजी की वजह?- गोल्ड के रेट में इजाफे की वजह इजरायल का ईरान पर अटैक करना है। जिसकी वजह से अब देशों में अब अस्थिरता की संभावना बढ़ गई। इसी का असर है कि आज क्रूड ऑयल का रेट 13 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें, मार्केट में अस्थिरता की वजह से लोगों की रुझान सोने जैसे सुरक्षित निवेश की तरफ बढ़ने लगता है। साथ ही दुनिया भर के सेंट्रल बैंक भी गोल्ड की खरीदारी जमकर कर रहे हैं। जिसकी वजह से हाल के समय में गोल्ड ने अच्छा रिटर्न दिया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर वैश्विक स्तर पर तनाव कम नहीं हुआ तो सोने की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। निवेशकों की तेजी से बढ़ते ग्लोबल मार्केट पर करीब से निगाह बनी हुई है।

## अहमदाबाद विमान हादसा: मुकेश अंबानी समेत कई दिग्गज कारोबारियों ने जताया शोक

नई दिल्ली, एजेंसी। अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे में देश के कई दिग्गज कारोबारियों ने शोक जताया है। इसमें मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, आनंद महिंद्रा आदि शामिल हैं। इस विमान हादसे में 241 यात्रियों की मौत हो गई। एयर इंडिया की यह फ्लाइट अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। टेकऑफ के तुरंत बाद यह विमान एयरपोर्ट के नजदीक ही क्रैश हो गया था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने एयर इंडिया के विमान हादसे पर गहरा दुख जताया है। मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता अंबानी और पूरे रिलायंस परिवार ने इस दुखद घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की है। अंबानी ने कहा, नीता और मैं, पूरे रिलायंस परिवार के साथ, अहमदाबाद में हुए विमान




हादसे में लोगों की जान जाने से बहुत दुखी हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

#### सहायता को तैयार

अंबानी ने अपने संदेश में यह भी कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज इस दुख की घड़ी में पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, इस दुख की घड़ी में, रिलायंस पूरी तरह से राहत कार्यों में मदद करेगा और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हम प्रार्थना करते हैं कि इस मुश्किल समय में सभी प्रभावित लोगों को शक्ति और सांत्वना मिले। विमान हादसे के बाद महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भी दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना शोक संदेश लिखा।

# जीजा-साले चांदनी चौक में चलाते थे दुकान



### फिर काम बदल 3 साल में खड़ा किया 7 करोड़ का कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी। स्नत जैन और विशाल जैन रिश्ते में जीजा-साले हैं। वे दिल्ली के चांदनी चौक में एक सीसीटीवी की दुकान चलाते थे। हालांकि, सीसीटीवी मार्केट में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते 2020 में उन्हें यह काम बंद करना पड़ा। वे एक नए उद्यम की तलाश शुरू करने पर मजबूर हो गए। चीन की यात्रा के दौरान उन्हें डिजिटल स्मार्ट लॉक्स का पता चला। वे इन तालों से काफी प्रभावित हुए। इन्हें अपने घरों में इस्तेमाल करके देखा। उनका अनुभव इतना सकारात्मक रहा कि इसने उन्हें नया व्यवसाय शुरू करने का आइडिया दिया। जनवरी 2021 में दोनों ने लक्सा स्मार्ट डोर लॉक्स नाम से खुद का ब्रांड शुरू किया। आज, यह करोड़ों का कारोबार बन चुका है। आइए, यहां स्नत जैन और विशाल जैन की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

चांदनी चौक में चलाते थे दुकान - साल 2020 तक विशाल जैन और स्नत जैन दिल्ली के चांदनी चौक में सीसीटीवी की दुकान चलाते थे। हालांकि, सीसीटीवी बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते उन्होंने अपना यह व्यवसाय बंद करने का फैसला किया। इसके बाद वे एक नए व्यवसाय की तलाश में जुट गए।

चीन यात्रा के दौरान उन्होंने डिजिटल स्मार्ट लॉक देखे। लॉक्स से प्रभावित होकर उन्होंने इन्हें अपने घरों में लगाकर आजमाया। उनका अनुभव बहुत ज्यादा सकारात्मक था। उन्होंने महसूस किया कि भारत में पारंपरिक चाबियों का प्रबंधन कितना असुविधाजनक है। संयुक्त परिवारों में दरवाजों को प्रबंधित करना कितना मुश्किल हो सकता है। उन्हें एक ऐसे समाधान की जरूरत महसूस हुई जो सुरक्षा और सुविधा दोनों प्रदान करे।

मार्केट को गहराई से जाना - स्नत जैन और विशाल जैन ने विभिन्न ब्रांडों के लिए स्मार्ट लॉक बनाने वाली एक ओईएम (ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर) के रूप में काम करना शुरू किया। इस दौरान उन्होंने स्मार्ट लॉक बाजार की गहराई से समझ हासिल की। स्नत ने अपनी पढ़ाई के दौरान अपने पिता के किचन सिंक मैन्युफैक्चरिंग व्यवसाय में भी काम किया था। लेकिन, उन्हें यह क्षेत्र अपने लिए सही नहीं लगा। 2016 में कॉलेज में रहते हुए ही स्नत विशाल के सीसीटीवी व्यवसाय में समान भागीदार बन गए और स्नत ने 2018 में अपना बीकॉम पूरा किया।

2021 में अपना ब्रांड लॉन्च किया - बाजार की बढ़ती मांग को देखते हुए स्नत और विशाल ने जनवरी 2021 में लक्सा स्मार्ट डोर लॉक्स नाम से अपना खुद का ब्रांड लॉन्च करने का फैसला किया। दोनों ने बिजनेस में 50-50 लाख रुपये का निवेश किया और अपनी मूल कंपनी भगवान श्री लॉक्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की। इस नई साझेदारी में विशाल जैन खरीद और सर्विसिंग का प्रबंधन करते हैं। जबकि स्नत जैन बिक्री और मार्केटिंग की देखरेख करते हैं।

## अनिल अंबानी की दमदार वापसी, तगड़ा रिटर्न दे रहे रिलायंस के 3 शेयर



मुंबई। अनिल अंबानी की ज्यादातर कंपनियों के शेयर लंबे समय से दबाव में रहे हैं। इस वजह से निवेशकों को भारी-भरकम नुकसान हो चुका है। हालांकि, बीते कुछ महीनों से अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप की कंपनियों के शेयर तगड़ा रिटर्न दे रहे हैं। इनमें तीन कंपनियां- रिलायंस पावर, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस होम फाइनेंस के शेयर काफी डिमांड में रहे। आइए, इन तीनों शेयर के तीन महीने के परफॉर्मेंस को देख लेते हैं।

रिलायंस पावर- पिछले तीन महीनों में इस शेयर में 107% की वृद्धि हुई है। इस अवधि में रिलायंस पावर का शेयर 34 रुपये से 70 रुपये तक पहुंच गया है। हाल ही में इसने 52-सप्ताह के अपने उच्चतम स्तर 76 रुपये को छुआ है। शुक्रवार को रिलायंस पावर के शेयर की कीमत 67 रुपये के स्तर पर थी। बता दें कि रिलायंस पावर को वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 126 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 397.26 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

## श्रेयस अय्यर की फूटी किस्मत, 10 दिन के अंदर दूसरी बार गंवाई टी20 ट्रॉफी



नई दिल्ली। श्रेयस अय्यर के ट्रॉफी हाथ में उठाने की कसक खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। आईपीएल 2025 के बाद 10 दिनों में अय्यर के हाथों से एक और टी20 लीग ट्रॉफी उठाने का मौका दूर चला गया। टी20 मुंबई लीग के फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स की कप्तानी कर रहे श्रेयस अय्यर को सिद्धेश लाड के नेतृत्व वाली एमएसडब्ल्यू मराठा रॉयल्स के हाथों पांच विकेट की शिकस्त मिली। इसी के साथ एमएसडब्ल्यू मराठा रॉयल्स ने 4 गेंदें शेष रहते पांच विकेट से मैच जीता और टी20 मुंबई लीग सीजन 3 का चैंपियन बना। श्रेयस अय्यर लगातार दूसरा टी20 फाइनल गंवाने के बाद निराश नजर आए। उन्होंने मैच के बाद कहा कि यह काफी हैरिटक है विशेषकर जब आप हारते हैं। यह आपके दिमाग में बहुत चलता है।

यह काफी हैरिटक है (10 दिनों के अंदर दो फाइनल)। विशेषकर जब आप हारते हैं, तो यह आपके दिमाग में बहुत चलता है। स्टेडियम में बड़ी संख्या में लोग मैच देखने आए, यह शानदार है। स्टेडियम में रोमांच भरा हुआ था। आपके यहां आकर समर्थन करने के लिए धन्यवाद। मैं किसी विशेष घटना का जिक्र नहीं करना चाहता। कुल-मिलाकर लड़कों ने अपने प्रयासों में शानदार प्रदर्शन किया। हमने फाइनल तक पहुंचने के दौरान केवल एक मैच गंवाया। ऐसे में आप किसी पर निशाना नहीं साध सकते हैं। यह पीठ पर छुरा घोंपने जैसा है, जो मुझे बिल्कुल पसंद नहीं। हमने बहुत कुछ सीखा।फाइनल हारने के बाद निराश होना आम है। इससे दुख पहुंचता है। जब अगले साल वापस आएंगे तो प्रेरणा और आत्मविश्वास होगा। अपने प्रयासों पर गर्व करना चाहिए। यह ज्यादा अनुभव नहीं था जो 20,000 लोगों के सामने खेलना आसान नहीं। मैं ऐसी स्थिति में रहा हूं, मैंने गलती की है। जब आप दबाव जाते हैं तो गलतियां करते हैं। मगर इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है फिर आप मजबूत होकर वापसी करते हैं।

## कगिसो रबाडा ने रिकॉर्ड्स बुक को हिला डाला, महान जैक्स कैलिस को पछाड़ा

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 अब तक शानदार रहा है। रबाडा ने मैच में अब तक कुल 8 विकेट चटकाए और एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। याद दिला दें कि ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेले जा रहे मुकाबले में रबाडा ने पहली पारी में 51 रन देकर पांच विकेट झटके थे। इसके बाद दूसरी पारी में रबाडा का कहर जारी रहा और उन्होंने दूसरे दिन के खत्म तक 11 ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट झटके। रबाडा ने दूसरी पारी में मार्नस लाबुशेन (22), उस्मान ख्वाजा (6) और कैमरन ग्रीन को अपना शिकार बनाया। इस दौरान कगिसो रबाडा ने एक बेहद खास उपलब्धि हासिल की। वो दक्षिण अफ्रीका के लिए पांचवें सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। रबाडा ने पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर जैक्स कैलिस को पीछे छोड़ते हुए उपलब्धि अपने नाम की। 30 साल के रबाडा ने अपने 242वें अंतरराष्ट्रीय मैच में 574 विकेट चटकाए। उन्होंने जैक्स कैलिस को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 513 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 572 विकेट झटके थे। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का रिकॉर्ड शॉन पोलक के नाम दर्ज है। पोलक ने 414 मैचों में 823 विकेट चटकाए। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच डब्ल्यूटीसी फाइनल 2025 इस समय रोमांचक मोड़ पर चल रहा है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 212 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 138 रन पर ढेर हो गई। इस तरह कंगारू टीम को पहली पारी के आधार पर 74 रन की बढ़त मिली।

# विंबलडन की इनामी राशि में हुआ इजाफा



नई दिल्ली, एजेंसी। विंबलडन के मेजबान ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने बताया कि इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड (लगभग 6.23 अरब रुपये) कर दी गई है जिसमें से एकल वर्ग के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड (लगभग 34.93 करोड़ रुपये) की राशि मिलेगी। यह रकम पिछले साल की तुलना में सात प्रतिशत और 3.5 मिलियन पाउंड अधिक है। यह 10 साल पहले इस ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में प्रतियोगियों मिलने वाली राशि से दोगुना है। ऑल इंग्लैंड क्लब के अध्यक्ष डेबोरा जेवान्स ने कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 10 वर्षों में हमने पुरस्कार राशि में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की है। हमने इस वर्ष पिछले आयोजन की तुलना में लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस साल के पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को पिछले साल के पुरस्कारों की तुलना में 11.1 प्रतिशत अधिक राशि मिलेगी। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 66,000 पाउंड (लगभग 76 लाख रुपये) मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 10प्रतिशत अधिक है। वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन का आगाज 30 जून से होगा जबकि इसका समापन 13 जुलाई को होगा।

## पोलैंड फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी। पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा, मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

प्रोबिएरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में फिनलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर की पूर्व संध्या पर बार्सिलोना के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की को टीम के कप्तान के पद से हटा दिया और उनकी जगह इंटर मिलान के मिडफील्डर पियोटर जिलिंस्की को नया कप्तान नियुक्त किया था। लेवांडोव्स्की को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने घोषणा की कि जब तक प्रोबिएरज मुख्य कोच बने रहेंगे।

## हैंडबाल के इंडिया कैंप के लिए हिमाचल की आठ बेटियों का चयन, चीन में होने वाली है प्रतियोगिता



नई दिल्ली, एजेंसी। चीन में होने वाली 11वीं एशियन अंडर-18 गर्ल्स यूथ हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए इंडिया कैंप में चुनी गईं 28 खिलाड़ियों में हिमाचल से आठ महिलाओं को शामिल किया गया है। कैंप के बाद 18 महिला खिलाड़ियों का चयन होना है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए टीम 14 जुलाई को रवाना होगी।

गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय कैंप 13 जुलाई तक चलेगा। कैंप में देशभर की 70 महिला खिलाड़ियों में से 28 को चुना गया है। यहीं से टीम इंडिया को चुना जाएगा। हैंडबाल कोच स्नेहलता ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में गोलकीपर नेहा चौहान और काजल, लेफ्ट बैक हिमानी नेगी, लेफ्ट विंग रिद्धिमा, राइट बैक मुस्कान, सेंटर बैक रश्मि, पीवोट कनिष्का और राइट विंग शिखा को शामिल किया गया है। शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी से तैयार हुई हैं।

स्नेहलता ने बताया कि कैंप के बाद चयनित 18 सदस्यीय टीम 14 जुलाई को चीन रवाना होगी। जहां 11वीं एशियन अंडर-18 गर्ल्स यूथ हैंडबाल प्रतियोगिता होगी। इस दौरान टीम के साथ मुख्य कोच सचिन और कोच दिलीप, नवीन पुनिया और मनीषा राठौर भी रहेंगे। स्नेहलता ने कहा कि प्रदेश से एक साथ आठ खिलाड़ियों का कैंप के लिए चुना जाना गर्व का विषय है। उम्मीद है कि कैंप के बाद हिमाचल से गई खिलाड़ी टीम इंडिया में भी स्थान बनाएंगी और प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन कर देश का नाम चमकाएंगी।

# मेजर लीग क्रिकेट में मचाया धमाल एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी



नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज फिन एलेन ने अमेरिका की टी20 लीग मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में शानदार पारी खेल कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने 51 गेंदों पर 151 रन बनाए। इस दौरान एलेन ने 296 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। वॉशिंगटन के गेंदबाजों के लिए एलेन की पारी किसी बुरे सपने की तरह रही। सैन फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 269 रन बनाए। जवाब में वॉशिंगटन की टीम 13.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह यूनिकॉर्न्स ने यह मुकाबला 123 रनों से अपने नाम किया।

### एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

अपनी इस तूफानी पारी के दम पर एलेन ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। वह टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। एलेन 49 गेंदों पर इस उपलब्धि पर पहुंचे। उन्होंने इस मामले में डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ा जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में 52 गेंदों पर 150 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, एलेन ने 34 गेंदों पर शतक पूरा किया जो न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज का टी20 में सबसे तेज शतक है। यह फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में किसी बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेजी से लगाया गया शतक है। उनसे आगे इस मामले में क्रिस गेल हैं जिन्होंने आईपीएल 2013 में 30 गेंदों पर शतक लगाया था।

### सिर्फ छक्के लगा बनाए 100 से अधिक रन

एलेन ने टी20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने इस मैच में 19 छक्के लगाए और इस मामले में क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान को पीछे छोड़ दिया। गेल और साहिल ने टी20 के एक पारी में 18 छक्के लगाए हैं। एलेन ने 134 रन सिर्फ बाउंड्री से जुटाए जिसमें से 114 रन तो छक्के से हासिल आए। सिर्फ तीन खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने बाउंड्री के जरिये टी20 में एलेन से ज्यादा रन बनाए हैं। एलेन इसके साथ ही एमएलसी टूर्नामेंट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में निकोलस पूरन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2023 में नाबाद 137 रन बनाए थे।

### आईपीएल नीलामी में रहे थे अन सोल्ड

दिलचस्प बात है कि एलेन को आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला था। एलेन नीलामी में दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ आए थे, लेकिन उनमें से में किसी टीम ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। एलेन भले ही आईपीएल 2025 में नहीं खेल सके, लेकिन उन्होंने एमएलसी में अपने दमदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

## नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज, ओ डोड ने खेली शानदार पारी



नई दिल्ली, एजेंसी। सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग दो 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुन्से के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

### बड़ी टीमों को पीछे छोड़ा

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। स्कॉटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्कॉटलैंड के लिए मुन्से ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 59 रन बनाए। स्कॉटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामनुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया। नीदरलैंड और स्कॉटलैंड ने मिलाकर इस मैच में कुल 743 रन बनाए।

# क्या टी20 में खत्म हो चुका है बाबर, रिजवान और शाहीन का करियर!

**चयनकर्ताओं के बयान से मिल रहे संकेत**



कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए किसी भूमिका की संभावनाओं से इनकार किया है। चयनकर्ताओं के इस बयान के बाद ये कयास लगाने शुरू हो गए हैं कि क्या खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इन तीनों खिलाड़ियों का करियर अब समाप्त हो चुका है?

बाबर, रिजवान और शाहीन को दी जा चुकी है सूचना

आकिब जावेद, अलीम डार, असद शफीक और अजहर अली और असद शफीक वाली पाकिस्तानी चयनकर्ता अगले सप्ताह वेस्टइंडीज और बांग्लादेश में होने वाली सीरीज के लिए टी20 टीम की घोषणा कर सकते हैं। ये दोनों सीरीज जुलाई-अगस्त में खेली जाएंगी। रिपोर्ट की मानें तो चयनकर्ताओं और मुख्य कोच माइक हेसन ने बाबर, रिजवान और शाहीन को पहले ही बता दिया है कि आगामी टी20 सीरीज के लिए उनकी जरूरत नहीं है और उन्हें आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तथा वनडे प्रारूप पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

पाकिस्तान को जुलाई के आखिरी सप्ताह में वेस्टइंडीज का दौरा करना है जहां उसे तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं। कैरेबियाई देशों में खेलने के बाद पाकिस्तान की टीम पांच मैच की टी20 सीरीज के लिए बांग्लादेश जाएगी लेकिन भारत में होने वाली इस सीरीज को पांच मैच की करने का सुझाव दिया गया है। पाकिस्तान को अगस्त के आखिर में अफगानिस्तान की टी20 टीम की भी मेजबानी करनी है। यह सब सितंबर में होने वाले एशिया कप (अभी तक पुष्टि नहीं हुई है) और अगले साल के शुरुआत में होने वाले आईसीसी विश्व टी20 कप की तैयारी का हिस्सा है।

सीनियर चयनकर्ता के करीबी एक सूत्र ने बताया कि वैसल और हेसन टी20 टीम में नए युवा खिलाड़ियों को अधिक मौका देना चाहते हैं। सूत्र ने कहा, विचार यह है कि अगर कोई खराब होती है तो चयनकर्ता हमेशा बाबर, रिजवान और शाहीन को दोबारा चुन सकते हैं। दूसरी तरफ बाबर विदेशी फ्रेंचाइजी के लिए अपने पहले बिग बैश लीग सत्र में खेलने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उन्हें और अन्य कुछ खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया है।



# त्रिविक्रम की पौराणिक फिल्म से बाहर हुए अल्लू अर्जुन, जूनियर एनटीआर की हुई एंट्री

अला वैकुंठपुरमुलु और गुंटूर कारम जैसी कई बेहतरीन फिल्मों का निर्देशन कर चुके त्रिविक्रम श्रीनिवास की अगली फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। उनकी अगली फिल्म में का हीरो कौन होगा। यह सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

### कौन होगा त्रिविक्रम की अगली फिल्म का हीरो

त्रिविक्रम श्रीनिवास की फिल्म गुंटूर कारम को रिलीज हुए एक साल से ज्यादा हो चुका है और इस फिल्म के बाद उनकी कोई नई फिल्म की घोषणा नहीं हुई है। उनके पास वेंकटेश और अल्लू अर्जुन जैसे सितारों के साथ फिल्में हैं, लेकिन अब सोशल मीडिया पर एक नई खबर ने हलचल मचा दी है। 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, त्रिविक्रम एक महत्वाकांक्षी पौराणिक फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें जूनियर एनटीआर अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। पैसे पहले यह किरदार अल्लू अर्जुन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। इस खबर ने प्रशंसकों को चौंका दिया है। हालांकि, इस बदलाव का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह खबर दोनों सितारों के प्रशंसकों में उत्साह और बहस का विषय बन चुका है।

### जूनियर एनटीआर का वर्कफ्रंट

जूनियर एनटीआर पहले से ही वॉर 2, ड्रैगन और देवरा भाग 2 जैसी बड़ी फिल्मों में व्यस्त हैं। अगर त्रिविक्रम के साथ जूनियर एनटीआर का यह प्रोजेक्ट पक्का होता है, तो यह उनकी फिल्मों की सूची में एक और बड़ा नाम जुड़ जाएगा। फिलहाल, जूनियर एनटीआर और अल्लू अर्जुन के फैंस इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।





# फिल्म मेकिंग बदल गई, अब हमें अपनी सोच बदलने की जरूरत

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस फिल्म में जेनेलिया आमिर खान के साथ उनकी पत्नी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए जेनेलिया एक लंबे वक्त बाद बॉलीवुड की किसी बड़ी फिल्म में नजर आएंगी। हाल ही में जेनेलिया ने अपनी भूमिका के बारे में बताया कि इस किरदार के लिए उन्हें कई बार ऑडिशन देना पड़ा, जिससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। इसी दौरान जेनेलिया ने ये अफसर बताया कि आखिर क्यों उन्हें अब इस तरह के किरदार ऑफर नहीं हो रहे हैं।

### यह आमिर सर की महानता है, उन्होंने मुझमें कुछ देखा

'सितारे जमीन पर' में अपने किरदार सुनीता के बारे में बात करते हुए जेनेलिया ने कहा कि वो इस तरह के किरदार और भी करना चाहती हैं। फिल्मीज्ञान मीडिया के साथ अपनी हालिया बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'जब लोगों को पता चला कि मैं सितारे जमीन पर कर रही हूं, तो सभी ने कहा कि हे भगवान, कितनी किस्मतवाली हो तुम, आमिर खान की फिल्म कर रही हो। इस पर मैंने कहा, बेशक यह आमिर सर की महानता है कि उन्होंने मुझमें कुछ देखा। बेशक, उन्होंने मेरा ऑडिशन लिया। लेकिन आप भी ऐसा कर सकते हैं। आप मुझे कोई भूमिका भी दे सकते हैं।' जेनेलिया ने आगे और निर्देशकों के उन्हें इस तरह के किरदार में न लेने के पीछे की वजह का जिक्र किया। अभिनेत्री ने 'सितारे जमीन पर' में उनके किरदार को लेकर प्रतिक्रिया देने वालों को संबोधित करते हुए कहा, 'आप भी मुझे ऐसे किरदारों में ले सकते हैं, लेकिन आप मानदंडों के अनुसार चलते हैं। शायद आपको लगता है कि मैं शादीशुदा हूं इसलिए मुझे इस किरदार की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि फिल्म मेकिंग बदल गई है। इसलिए हमारी मानसिकता भी बदलनी चाहिए।'

### सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण

अभिनेत्री ने आगे कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर आप किसी खास उम्र का किरदार चाहते हैं, तो आपको उसी उम्र के किसी व्यक्ति को कास्ट करना चाहिए। जब हम किसी ऐसे अभिनेता को कास्ट करते हैं जो मेरे द्वारा निभाए गए किरदार से बहुत छोटा होता है, तो वे उस किरदार की छोटी-छोटी बातें नहीं समझ पाते। सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि सभी को अवसर मिलेंगे।

20 जून को रिलीज होगी सितारे जमीन पर

आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म सितारे जमीन पर 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर आमिर लगातार जेनेलिया के साथ प्रमोशन में जुटे हैं। 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद आमिर इस फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। फिल्म में जेनेलिया आमिर की पत्नी के किरदार में नजर आई हैं।

# क्या इब्राहिम अली की इस बात से प्रेशर फील करती हैं पलक तिवारी?



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी फिल्मों में एक्टिंग कर रही हैं। वह अब तक दो फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। पलक ने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से की थी। हाल ही में वह फिल्म 'द भूतनी' में नजर आईं। नैशनल इंडिया से की गई हालिया बातचीत में जब पलक तिवारी से पूछा गया कि क्या वह मौजूदा नए एक्टर्स जैसे इब्राहिम अली खान, सुहाना खान और अनन्या पांडे की एक्टिंग से किसी तरह का प्रेशर फील करती हैं? पलक का जवाब था, 'प्रेशर लेकर काम करोगे तो वह बिल्कुल भी अच्छा नहीं होगा। फिर प्रेशर लेने का क्या फायदा।' पलक का इतना जरूर कहना है कि उनके साथ के एक्टर्स काफी सपोर्टिंग हैं।

# दिव्या दत्ता ने बताया क्यों रहना चाहती हैं कुंवारी

दिव्या दत्ता उन बॉलीवुड कलाकारों में से एक हैं जिन्होंने सुष्मिता सेन, तब्बू और सलमान खान जैसे सितारों की तरह बिना शादी के रहने का फैसला चुना। दिव्या ने हाल ही में अपने साक्षात्कार में अपने इसी फैसले को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि आखिर ये ऑप्शन उन्होंने क्यों चुना।

दिव्या ने बातचीत में अपने विचारों को शेयर करते हुए कहा, अगर आपको एक अच्छा साथी मिल जाए तो शादी करना बहुत अच्छा है। अगर नहीं तो जिंदगी खूबसूरती से आगे बढ़ती है। एक बेकार सी शादी में बने रहने से बेहतर है कि आप खुद ही खुद का ख्याल रखें। किसी रिश्ते में खुद को नीचा दिखाने की बजाए, खुद से प्यार करना बेहतर है। मेरी तरफ बहुत से मर्दों का अटेंशन खुब रहता है और मैं इसे इंजॉय करती हूं लेकिन रिश्ता तब बनना चाहिए जब आप कनेक्ट होते हैं। अगर आपको लगता है कि वह व्यक्ति आपका हाथ थाम सकता है। अगर ऐसा नहीं है तो मेरे आस-पास मेरे कई प्यारे दोस्त हैं और मैं अपने लिए खड़ा हूं।

### मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वॉलिफाइड हूं

उन्होंने आगे कहा कि वह शादी नहीं करना चाहती हैं। दिव्या ने कहा, मैं शादी नहीं करना चाहती लेकिन मुझे एक साथी चाहिए जिसके साथ मैं ट्रैवल कर सकूं और अगर नहीं तो भी मैं खुश हूं। आप जानते हैं, मेरे सबसे अच्छे दोस्त ने मुझसे एक बार कहा। - एक सवाल पूछा है - तुम सिंगल क्यों हो? तुम सुंदर, आकर्षक, देखभाल करने वाली हो तो मैंने कहा- मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वालिफाइड हूं। एक समय आता है जब आप पुरुषों की तलाश बहार करते हैं, जो जरूरी नहीं है। यह जरूरी नहीं है कि आप तभी पूर्ण होंगे जब एक अच्छा साथी आपके जीवन में आएगा। मुझे यह गलतफहमी थी। मैं अपने दिल की बात छुपाकर रखती थी - लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### दिव्या की आनेवाली फिल्म

दिव्या आखिरी बार फिल्म छावा में दिखी। लक्ष्मण उटेकर निर्देशित इस फिल्म में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई थी, साथ ही अक्षय खन्ना ने सम्राट औरंगजेब और रश्मिका मंदाना ने येसुबाई भोसले की भूमिका निभाई थी। वहीं अब दिव्या अगली बार अर्जुन रामपाल के साथ नाशिक में नजर आएंगी। शैलेश वर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में इशा देओल और हर्षवर्धन राणे भी हैं। फिल्म की रिलीज की तारीख अभी सामने नहीं आई है।


# लाल परी टाइटल से खुश सौंदर्या शर्मा



मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 में अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस सौंदर्या शर्मा इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। फिल्म के एक गाने में उनके प्रदर्शन को लेकर फैंस ने उन्हें लाल परी का खिताब दिया, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में सौंदर्या ने इस टाइटल को सम्मान करार दिया। साथ ही मलाइका अरोड़ा और कैटरीना कैफ से तुलना करने पर भी अपनी राय पेश की। आईएएनएस से खास बातचीत में सौंदर्या ने बताया कि लाल परी का खिताब उनके लिए क्या मायने रखता है। साथ ही, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव को भी साझा किया।

सौंदर्या ने कहा, जब कहीं से कोई अचानक कहता है, अरे देखो, लाल परी सौंदर्या, तो यह सुनकर अच्छा लगता है। इस टाइटल ने मुझे नई पहचान दी है। इससे ऐसा लगता है जैसे लोग मेरे काम को सच में पसंद कर रहे हैं। मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं। सवाल में जब उनके लाल परी टाइटल की तुलना मलाइका अरोड़ा की मुन्नी बदनाम और कैटरीना कैफ की शीला की जवानी से की गई, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, आप जिन दो कलाकारों की बात कर रहे हैं, वे मेरी सीनियर्स हैं। उनसे मेरी तुलना होना बहुत बड़ी बात है। लेकिन मेरा सफर तो अभी शुरू ही हुआ है। मैं और ज्यादा अच्छा काम करना चाहती हूं, ताकि लोगों से मुझे ऐसे ही ढेर सारा प्यार मिलता रहे। सौंदर्या शर्मा ने कहा, मेरी मां माधुरी दीक्षित को बहुत पसंद करती हैं और मैं खुद भी उनकी बहुत बड़ी फैन हूं। मुझे श्रीदेवी मैम, वैजयंतीमाला और मधुबाला भी बहुत पसंद हैं। ये सभी मेरे लिए प्रेरणादायक हैं। वे सब स्क्रीन पर दमदार अभिनय करती थीं और हर किरदार को बहुत खूबसूरती से निभाती थीं। हाउसफुल 5 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।





# सितारे जमीन पर के बाद रजनीकांत की फिल्म में नजर आएंगे आमिर खान

आमिर खान इन दिनों फिल्म सितारे जमीन पर के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दर्शकों को आमिर खान की फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म 20 जून को रिलीज होने वाली है। हाल ही में आमिर खान ने बताया है कि वह सितारे जमीन पर के बाद किस फिल्म में नजर आएंगे। आमिर खान ने बातचीत में बताया है कि वह रजनीकांत की फिल्म कुली में नजर आएंगे। आमिर खान ने बताया है कि वह इस फिल्म में कैमियो रोल करेंगे। आमिर खान के मुताबिक वह रजनीकांत के इतने बड़े फैन हैं कि उन्होंने स्क्रिप्ट भी नहीं पढ़ी और उस रोल के लिए हां बोल दिया। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं। आईएमडीबी के मुताबिक यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को रिलीज होने वाली है। पहले खबरें थी कि इस फिल्म में आमिर खान नजर आ सकते हैं लेकिन अब आमिर खान ने खुद इस बात से पर्दा हटा दिया है।

### सितारे जमीन पर के बारे में

सिनेमाघरों में आने को तैयार फिल्म सितारे जमीन पर में आमिर खान ने एक बास्केटबॉल कोच की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में वह 10 दिव्यांग बच्चों को बास्केटबॉल सिखाएंगे। फिल्म में जेनेलिया डिसूजा भी होंगी। यह फिल्म स्पेनिश फिल्म चैंपियंस की रीमेक है। इस फिल्म से अरूश दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म 20 जून को रिलीज होने वाली है। बताया जाता है कि आमिर खान इस फिल्म की रिलीज के बाद दादा साहब फाल्के की बायोपिक पर काम करेंगे।

# नागा वामसी ने अफवाहों पर लगाया विराम, त्रिविक्रम की अगली दो फिल्मों की पुष्टि की



निर्माता नागा वामसी ने सोशल मीडिया पर साफ किया कि बाकी सितारों के साथ त्रिविक्रम के सहयोग की खबरें सिर्फ अफवाहें हैं। फिलहाल, वह अपनी दो परियोजना पर काम कर रहे हैं।

### दो फिल्मों के एक्टर्स हुए निर्धारित

123 तेलुगु की एक खबर के मुताबिक, निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास की अगली दो फिल्मों की घोषणा हो चुकी है। वह पहले अभिनेता वेंकटेश के साथ एक फिल्म करेंगे और इसके बाद जूनियर एनटीआर के साथ एक पौराणिक फिल्म बनाएंगे। निर्माता नागा वामसी ने सोशल मीडिया पर साफ किया कि बाकी सितारों के साथ त्रिविक्रम के सहयोग की खबरें सिर्फ अफवाहें हैं। उन्होंने कहा कि त्रिविक्रम की हर पक्की परियोजना की घोषणा वह खुद सोशल मीडिया पर करेंगे।

### नागा वामसी का पोस्ट

नागा वामसी ने अपने एक्स अकाउंट पर त्रिविक्रम की दो फिल्मों को लेकर पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, त्रिविक्रम गारु की अगली 2 परियोजनाएं तय हो गई हैं। बाकी सब तो महज अटकलें हैं। त्रिविक्रम गारु की किसी भी कंफर्म परियोजना की घोषणा मैं इसी जगह जल्द करूंगा।